संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 25 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 112 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बीच गृहमंत्री अमित शाह विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की।

# 'सरकार ने पंचायती राज को मजबूत किया'

## गांवों का भरोसा बनाए रखा

= उनकी सरकार ने देश की पंचायतों के लिए आवंटित धन को 70 हजार करोड़ से बढ़ाकर 02 लाख करोड़ रुपया कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 के बाद से केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने देश में पंचायती राज को मजबूत करने का काम किया है। उनकी सरकार ने देश की पंचायतों के लिए आवंटित धन को 70 हजार करोड़ से बढ़ाकर 02 लाख करोड़ रुपया कर दिया है। कांग्रेस पर पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद सबसे ज्यादा समय तक सरकार चलाने वाली पार्टी ने गांवों का भरोसा तोड़ दिया। कांग्रेस सरकार के दौरान



गांव जनता, स्कूल, सड़कें, बिजली, भंडारण और अर्थव्यवस्था सबको सरकारी प्राथमिकताओं में सबसे निचले पायदान पर रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के अपने आप में कोई वोट बैंक तो था ही नहीं। इसलिए उन्हें नजरअंदाज किया जाता था। गांव के लोगों को बांटकर कई राजनीतिक दल अपनी दुकान चला रहे थे। भाजपा ने गांवों के साथ हो रहे इस अन्याय को भी समाप्त कर दिया है। हमारी सरकार ने गांवों के विकास के लिए तिजोरी खोल दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में भाग लिया और देश भर की सभी ग्राम सभाओं और पंचायती राज संस्थाओं को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 2014 के बाद देश की ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने और ग्रामीण जनता को समृद्धि की ओर ले जाने के लिए उनकी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी दी। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री पंचायत स्तर पर सार्वजनिक खरीद के लिए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का उद्घाटन करेंगे। ई-ग्राम स्वराज सरकारी ई-मार्केटप्लेस एकीकरण का उद्देश्य पंचायतों को ई-ग्राम स्वराज प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए जीईएम के माध्यम से अपने सामानों और सेवाओं की विपणन में सक्षम बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस दौर में अब पंचायतों को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है। आज ई-ग्राम स्वराज-जेम इंटीग्रेटेड पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। इससे पंचायतों के माध्यम से होने वाली खरीद की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद हमारी सरकार में 30 हजार पंचायती राज भवनों का निर्माण हुआ। देश की 2 लाख पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया। इसका फर्क आज साफ दिखता है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पीएम स्वामित्व योजना का भी उल्लेख किया।

## पूर्वोत्तर और मणिपुर ने देश में खेल परंपरा को आगे ले जाने में अहम योगदान किया: प्रधानमंत्री मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इम्फाल, मणिपुर में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रियों के चिंतन शिविर को वीडियो संदेश के माध्यम से सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर और मणिपुर ने देश में खेल परंपरा को आगे ले जाने में अहम योगदान किया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर देश की सांस्कृतिक विविधता में नये रंग भरता है और देश की खेल विविधता को नये आयाम देता है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह देश के हर प्रतिभावान खिलाड़ी को बेहतर खेल अवसंरचना उपलब्ध कराये। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करने पर जोर दिया। खेलो इंडिया योजना का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना से निश्चित रूप से जिला स्तर पर खेल अवसंरचना में सुधार आया है।

## लखीमपुर खीरी कांड की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**



**सुप्रीम कोर्ट** ने लखीमपुर खीरी कांड की सुनवाई की गति पर संतोष जताया है। कोर्ट ने इस मामले के आरोपित आशीष मिश्रा को मिली अंतरिम जमानत भी 11 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट से रोजाना सुनवाई को नहीं कह सकते हैं। इससे दूसरे केस पर असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 25 जनवरी को आशीष मिश्रा को 8 सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जमानत मिलने के एक सप्ताह के भीतर यूपी छोड़ना होगा। कोर्ट ने कहा था कि आशीष मिश्रा यूपी या दिल्ली में नहीं रह सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए घटना से जुड़े दूसरे केस में बंद चार किसानों को भी अंतरिम जमानत दी थी, जिन पर घटना के बाद पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप है।

## तमिलनाडु में शादी-बारात में परोसी जा सकेगी शराब



**तमिलनाडु: तमिलनाडु** में अब किसी भी प्राइवेट इवेंट, कॉन्फ्रेंस हॉल या स्पोर्ट्स स्टेडियम में शराब परोसी जा सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने खास तरह का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया शुरू की है। लाइसेंस लेने के लिए 7 दिन पहले अप्लाई करना होगा। तमिलनाडु सरकार ने शराब के खास तरह के लाइसेंस को लेकर सूचना जारी की है। इसके नोटिफिकेशन के मुताबिक कनवेंशन सेंटर, मैरिज हॉल, स्पोर्ट्स स्टेडियम और घर के कार्यक्रमों में शराब परोसी जा सकेगी। बस इसके लिए होस्ट के पास स्पेशल लाइसेंस होना चाहिए। शराब के लिए मिलने वाला यह स्पेशल लाइसेंस आवेदन में निर्धारित समय सीमा के आधार पर ही वैलिड रहेगा। यह एक या कुछ दिनों के लिए ही वैलिड होगा। अलग-अलग जगह के हिसाब से लाइसेंस की फीस में भी अंतर होगा।

## बंगाल के बीरभूम में साधु का शव मिला



**बीरभूम: बंगाल** के बीरभूम में एक साधु का शव पेड़ से लटका मिला है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया कि यह हत्या है और इसे अतीक अहमद की हत्या का बदला लेने के लिए अंजाम दिया गया है। ये चरमपंथी संगठन का काम है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को बीरभूम में काली मंदिर के बगल में पेड़ पर एक अघोरी की बॉडी मिली थी। साधु का नाम भुवन बाबा है। इस घटना के बाद सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को ईस्ट मिदनापुर के नंदीग्राम में एक सभा के दौरान कहा- सनातन का एक साधु मारा गया। यह डॉन अतीक अहमद की हत्या का बदला है। तृणमूल कांग्रेस एक परंपरा चला रही है, जिसका नाम है हैंगिंग बंगाल। ये लोगों को लटकाकर मारते हैं और ऐसा ही कुछ इस साधु के साथ भी हुआ।

## हमने मुस्लिम आरक्षण खत्म किया: शाह



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

### कांग्रेस पर आरोप

= 4% मुस्लिम रिजर्वेशन कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति, भाजपा ने लिंगायत को बचाया: शाह

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव के बीच गृहमंत्री अमित शाह तीन दिन के दौरे पर रविवार रात बेंगलुरु पहुंचे थे। सोमवार को वे सबसे पहले मैसूरु गए और श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में पूजा की। इसके बाद वे चामराजनगर जिले के गुंडलुपे पहुंचे। उन्होंने यहां पहला रोड शो किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा- कांग्रेस आज भी तुष्टीकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस सरकार ने जो 4% मुस्लिम रिजर्वेशन किया था, भाजपा ने उसे खत्म कर दिया। भाजपा ने लिंगायत ओबीसी, एससी और एसटी को बचाने का काम किया है। कांग्रेस अध्यक्ष कहते है कि हम अगर सत्ता में आएंगे तो मुस्लिम आरक्षण फिर से लाएंगे। कांग्रेस तुष्टीकरण से बाज नहीं आ रही। शाह दोपहर 3 बजे सकलेशपुर पहुंचे, वहां भी उन्होंने दूसरा रोड शो किया। कर्नाटक की भाजपा सरकार को 40% कमीशन वाला बताने पर शाह ने राहुल के आरोपों का जवाब दिया। शाह ने कहा- लोग इस तरह के निराधार आरोपों पर कैसे विश्वास करेंगे? न कोई केस न कोई जांच। उनके पास कोई ठोस सबूत है तो उन्हें कोर्ट जाना चाहिए।

## 'केंद्र का 2-3 अरबपतियों पर फोकस'

**टीम एक्शन इंडिया/बेलगावी**

**राहुल गांधी** दो दिन के चुनावी दौरे पर कर्नाटक में हैं। उन्होंने सोमवार को बेलगावी के रामदुर्ग में रैली को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि आजकल सरकार का 2-3 अरबपतियों पर ही फोकस है, जबकि किसानों, मजदूरों और छोटे वेंडरों पर होना चाहिए। अरबपतियों को बैंक से लोन आसानी से मिल जाता है और अगर कुछ हो जाता है तो आसानी से माफ हो जाता है लेकिन किसानों का कर्ज कभी माफ नहीं होता। जीएसटी देश में सिर्फ अमीरों की मदद के लिए लागू किया गया है। इसमें पांच अलग-अलग तरह के टैक्स हैं।



यह एक बहुत ही कठिन टैक्स स्ट्रक्चर है। आधे लोगों को यह भी समझ नहीं आता कि उन्हें इसे कब और कैसे फाइल करना है। बड़े बिजनेसमैन के पास अकाउंटेंट होते हैं, जबकि छोटे व्यवसायियों के पास नहीं हैं। तो, छोटे व्यवसाय बंद हो जाते हैं। जब हमारी सरकार दिल्ली में आएगी तो हम इस जीएसटी को बदल देंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित पंचायती राज सम्मेलन में शामिल हुए। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

## 99% लोग सेम सेक्स मैरिज की मान्यता के खिलाफ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बार काउंसिल** ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि सेम सेक्स मैरिज के मुद्दे को विधायी प्रक्रिया (संसद) पर छोड़ दिया जाए। बीसीआई के मुताबिक देश में 99% से ज्यादा लोग सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने के विरोध में हैं। ज्यादातर लोगों का मानना है कि याचिकाकर्ताओं के पक्ष में कोर्ट का कोई भी फैसला देश की संस्कृति

### बीसीआई की अपील

= याचिकाकर्ताओं के पक्ष में कोर्ट का कोई भी फैसला देश की संस्कृति और सामाजिक, धार्मिक ढांचे के खिलाफ माना जाएगा

और सामाजिक, धार्मिक ढांचे के खिलाफ माना जाएगा। बीसीआई ने कहा कि यह मामला बहुत नाजुक है। साथ ही काउंसिल ने प्रस्ताव पारित कर कहा कि सेम सेक्स मैरिज के मुद्दे पर कोई लापरवाही न दिखाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट हाल में संवैधानिक सिद्धांतों के आधार पर सेम सेक्स कपल की शादी को मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। इसी को लेकर बीसीआई ने 23 अप्रैल को सभी स्टेट बार काउंसिल के साथ एक संयुक्त बैठक की, जिसमें सेम सेक्स मैरिज के नुकसान पर चर्चा की गई।

## 'उप्र में न कर्फ्यू न दंगा, अब उप्र में सब ओर चंगा'

**टीम एक्शन इंडिया/सहारनपुर**

**उत्तर प्रदेश** के नगरीय निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पार्टी का चुनाव प्रचार करने उतर पड़े हैं। मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को सहारनपुर में पहली जनसभा की। इस दौरान उन्होंने निकायों में भाजपा को जिताने की अपील की, तो विपक्ष पर हमलावर भी दिखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सीमांत जनपद अपनी समृद्ध इतिहास के लिए जाना जाता है। युवा, व्यापारी, उद्यमी, किसान का जनपद सहारनपुर है। मैं यहां बार-बार आता रहा हूं। मैंने सहारनपुर को नजदीक से देखा है। बिजली नहीं आती थी। दंगे होते थे। कनेक्टिविटी नहीं थी। लखनऊ की दूरी तय करने में आठ से 10 घंटे लगते थे। आज सहारनपुर विकास की चमक से चमकता है। दिल्ली अब यहां से दूर नहीं है। देहरादून अब दूर नहीं है। योगी ने कहा कि पहले डिग्री के लिए युवाओं को मेरठ जाना पड़ता था। अब युवाओं को यहां ही मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय से डिग्री



### सीएम का दावा

= पहले शोहदों का आतंक था। बेटियां दूर पढ़ने जाती थीं। आज उत्तर प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है: योगी

मिलेगी। जीवन भर डिग्री पर मां शाकुम्भरी की फोटो उसके सफलता को आशीर्वाद देती रहेगी। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले सहारनपुर उपेक्षित रहता था। क्योंकि यहां दंगे करवाए जाते थे। सिख भाइयों को दंगों की आग में झोंका जाता था। पहले शोहदों का आतंक था। बेटियां दूर पढ़ने जाती थीं। आज उत्तर प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां चाह वहां राह, रास्ते खुद बनते जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, यहां मिला।

## महाराष्ट्र में आज गठबंधन, कल का पता नहीं: पवार

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**



**महाराष्ट्र** में एनसीपी के रुख से उद्धव ठाकरे की शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस की महा विकास अघाड़ी गठबंधन पर संकट दिख रहा है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अमरावती में कहा कि आज हम एमवीए का हिस्सा हैं और काम करने की इच्छा रखते हैं। लेकिन केवल इच्छा ही हमेशा पर्याप्त नहीं होती है। सीटों के बंटवारे, कोई समस्या है या नहीं इन सब पर अभी चर्चा नहीं हुई है। ऐसे में आज महाराष्ट्र में अघाड़ी है लेकिन कल का पता नहीं है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि शरद पवार ने जो कुछ कहा है, वह महा विकास अघाड़ी पर उनकी निजी राय है। पवार साहब को जल्द ही पता चल जाएगा कि जिन लोगों को उनके ही लोगों ने छोड़ दिया है क्या वे वास्तव में एमवीए का नेतृत्व कर सकते हैं।

## विनेश फोगाट समेत 8 पहलवान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/पानीपत**

**भारतीय कुश्ती** संघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना दूसरे दिन सोमवार को भी जारी है। विनेश फोगाट समेत 8 पहलवान सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। इन्होंने बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की है। पहलवानों ने हरियाणा की




खाप पंचायतों से समर्थन मांगा है। उन्होंने खापों से माफी मांगते हुए कहा, 'पिछली बार हमसे भूल हो गई थी। आज हमें आप सभी की बहुत जरूरत है। हमारा साथ दीजिए।' सुबह बजरंग पूनिया ने कहा था कि इस मंच पर सभी राजनीतिक दलों का स्वागत है। हालांकि जनवरी में प्रदर्शन के दौरान मंच पर किसी भी राजनीतिक दल को परमिशन नहीं दी थी। इस बीच, इंडियन रेसलिंग फेडरेशन के 7 मई से होने वाले चुनाव रोक दिए गए हैं। ओलिंपिक्स एसोसिएशन चुनाव के लिए एक एग्जिक्यूटिव कमेटी बनाएगी।

### मांग

= सांसद बृजभूषण पर एफआईआर की अपील, विवाद के बीच रेसलिंग फेडरेशन के चुनाव पर रोक

## देश में 100 करोड़ लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को अबतक 100 करोड़ से ज्यादा लोग सुन चुके हैं। वहीं, 23 करोड़ लोग मन की बात कार्यक्रम को नियमित रूप से सुनते। वहीं, देश के 96 प्रतिशत लोगों को इस कार्यक्रम की जानकारी है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम), रोहतक द्वारा किए गए सर्वे की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और आईआईएम रोहतक ने मन की बात पर कराए गए सर्वे की रिपोर्ट को जारी किया।

## 'भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन मजबूत हो'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता/लखनऊ**

**2024 लोकसभा** चुनाव में विपक्षी एकता को लेकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार अपने डिप्टी तेजस्वी के साथ सोमवार को कोलकाता पहुंचे। दोनों ने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से मुलाकात की। नीतीश ने कहा कि बातचीत पॉजिटिव रही। ममता ने कहा कि उन्हें भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के साथ जाने में कोई ईगो नहीं है। मैं चाहती हूं कि भाजपा अगले चुनाव में हीरो से जीरो बन जाए। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। नीतीश ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में सभी विपक्षी दलों का एक मंच पर आना बहुत जरूरी है।



इसके लिए विपक्षी दलों को एक साथ बैठकर रणनीति बनानी होगी। ममता जी के साथ बातचीत अच्छी रही।

हम आगे भी अन्य पार्टियों को साथ में लाकर बातचीत करेंगे। नीतीश-तेजस्वी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भी मिलेंगे। तीन नेताओं की मुलाकात 2024 लोकसभा चुनाव के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि केंद्र में सरकार गठन के लिहाज से ये तीनों राज्य बहुत अहम हैं।

**ममता बोलीं- मैं चाहती हूं कि भाजपा जीरो बन जाए:** मीडिया से बातचीत में ममता ने कहा- हम साथ-साथ आगे बढ़ेंगे। हमें यह संदेश देना है कि हम सब एक साथ हैं। हमारा कोई व्यक्तिगत ईगो नहीं है, हम सामूहिक रूप से मिलकर काम करना चाहते हैं।

**पल पल की खबर** चारों तरफ 30 फीट ऊंची दीवारें, 680 कैदियों को रखने की कैपेसिटी, कमांडो का कड़ा पहरा

# डिब्रूगढ़ जेल: अमृतपाल पर रखी जा रही नजर

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

'वारिस पंजाब दे' के मुखी अमृतपाल सिंह को पंजाब में मोगा के गांव रोडे से रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। एनएसए लगे होने के कारण उसे रविवार दोपहर ही असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। 18 मार्च से फरार अमृतपाल को बठिंडा एयरपोर्ट से इंडियन एयरफोर्स के स्पेशल विमान में असम पहुंचाया गया, जहां से उसे डिब्रूगढ़ जेल बंद किया गया। डिब्रूगढ़ जेल में अमृतपाल सिंह के पहुंचने से पहले 15 नए कैमरे लगाए गए, ताकि उस पर हर समय नजर रखी जा सके। इसी जेल में अमृतपाल सिंह के नो



साथी पपलप्रीत सिंह, दलजीत सिंह कलसी, प्रधानमंत्री बाजेके, हरजीत सिंह, वरिंदर जोहल, बसंत सिंह, गुरमीत सिंह, कुलवंत धालीवाल, गुरिंदर पाल पहले से ही बंद है। अमृतपाल सिंह के भी डिब्रूगढ़ पहुंच जाने के बाद सभी के जहन में एक ही सवाल है- क्या है इस जेल में, जो अमृतपाल सिंह सहित 10 साथियों पर एनएसए लगा यहां भेजा गया है।

**क्या खास है इस जेल में:** डिब्रूगढ़ शहर के बीचों बीच असम ट्रंक रोड के पास फूल बागान इलाके में यह जेल स्थापित है। सेंट्रल जेल लगभग 76,203.19 वर्ग मीटर में फैली हुई है। साल 1859-60 से शुरू की गई इस जेल के मुख्य परिसर के चारों ओर करीब 30 फीट से ऊंची दीवारें बनी हुई हैं। यह दीवारें पहले इतनी ऊंची नहीं थी। दरअसल, जून 1991 में डिब्रूगढ़ जेल में बंद प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के पांच चरमपंथी फरार हो गए थे। जिसके बाद इन दीवारों की ऊंचाई 30 फीट तक बढ़ाई गई। बीते फरवरी महीने से डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में कुल 445 कैदी बंद हैं, इनमें 430 पुरुष कैदी हैं और 15 महिला कैदी हैं। जेल में कैदियों को रखने की कैपेसिटी 680 की है, लेकिन इसके बावजूद यहां 500 से अधिक कैदी नहीं हुए हैं। जेल में कुख्यात अपराधी, डकैत, अंडर ट्रायल कैदियों समेत उम्र कैद की सजा काट रहे कई बड़े अपराधी भी हैं। यहां चार वार्डों में सिर्फ महिला कैदी व हवालाती हैं।

### अमृतपाल के साथी

= अमृतपाल सिंह के नो साथी पपलप्रीत सिंह, दलजीत सिंह कलसी, प्रधानमंत्री बाजेके, हरजीत सिंह को रखा गया है

# विकास कार्यों को समय पर पूरा करें: नागर

## विकास कार्यों में देरी होने पर अधिकारियों की जवाबदेही और ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

तिगांव से विधायक राजेश नागर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को अधिकारी समय पर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा विकास कार्यों को समय पर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें अधिकारी: राजेश नागर । उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य आम जनता के हित के लिए हैं और अगर वह समय पर पूरे होते हैं तो उससे लोगों को समय से सुविधाएं उपलब्ध हो जाती हैं। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से एमएलए राजेश नागर तिगांव विधान सभा क्षेत्र की विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन बारे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश दे रहे थे। उनके साथ उपायुक्त विक्रम सिंह भी मौजूद थे। विधायक राजेश नागर ने अधिकारियों को



विकास कार्यों में देरी होने पर जवाब देही देने और ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में पीडब्लूडी बी एण्ड आर, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, कृषि विपणन बोर्ड,जिला विकास एवं पंचायत और पंचायती राज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बैठक में तिगांव विधान सभा क्षेत्र की सड़कों, कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, पेयजल आपूर्ति और सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और अमृत सरोवरों के विकास कार्यों पर जोर देने के लिए कहा गया। मीटिंग में विधायक राजेश नागर ने क्रमशः पीडब्लूडी बी एण्ड आर, कृषि विपणन बोर्ड, जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, पंचायती राज विभाग सहित सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों से विभाग वार विकासात्मक

**8 निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रहे कंस्ट्रक्शन मैटेरियल की जांच की ठीक प्रकार से करवा ली जाए**

योजनाओं और परियोजनाओं की बारीकी से समीक्षा कर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सड़कों के निर्माण, जोहड़ों की गाद निकालने, गर्मी के मौसम के मद्देनजर बेहतर पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम व्यवस्थाएं और एसटीपी के क्रियान्वयन, अवैध कब्जे हटाने, मुख्यमंत्री की घोषणाओं को यथाशिघ्र शुरू करवाना और निर्धारित समय पर पूरा करना तथा बिजली सप्लाई से जुड़ी हुई लाइन तथा अन्य कार्य, सिवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य मूलभूत विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारीयों के साथ विभाग वार मंत्रणा की गई। समीक्षा बैठक में तिगांव विधान सभा क्षेत्र के विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तथा ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली को आधुनिक तौर-तरीकों के साथ विभागों तथा एजेंसियो से आपसी सहमति से करवाया जाने बारे बारिकी से चर्चा की गई। सड़कों, स्ट्रीट लाइटिंग, इल्क्ट्रीकल वर्क, रोड, फूटपाथ, ग्रील, अमृत सरोवरों सहित तमाम पहलुओं पर बारिकी से समीक्षा कर निर्माण कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की गई। अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा गया कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रहे कंस्ट्रक्शन मैटेरियल की जांच की ठीक प्रकार से करवा ली जाए। इस कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक सीमा त्रिखा ने सीवरेज लाइन तथा सी.सी. रोड़ बनाने के कार्य का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

**सोमवार** को एस.जी.एम नगर गली नं.1-2-3-5 नजदीक कावली गुरुद्वारा में सीवरेज लाइन तथा सी.सी. रोड़ बनाने के कार्य का शुभारंभ स्थानीय लोगों एवं विधायक सीमा त्रिखा ने गुरूद्वारे में अरदास करके किया। आपको बता दें कि सीएम अनाउंसमेंट संख्या 25284 के तहत होने वाले इस कार्य की लागत लगभग 20 लाख है। इस कार्य के शुभारंभ होने के अवसर पर विधायिका सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क से हजारों आने जाने वाले लोगों का भला होगा। पिछले लंबे समय से यहां पर स्थानीय लोगों द्वारा सीवरेज लाइन डाले जाने की मांग की जा रही थी। एसजीएम नगर का यह क्षेत्र लगभग 40 वर्ष पुराना बसा हुआ है, मगर आज तक लोग सीवरेज व्यवस्था से महरूम थे। आज विधायक



श्रीमती सीमा त्रिखा ने लोगों की सीवर और सड़क की मांग को पूरा करते हुए गुरुद्वारा में माथा टेकते हुए स्थानीय लोगों के कर कमलों द्वारा इसका उद्घाटन कराया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कार्य कर रही है। पूरे प्रदेश में एक समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में सुधारीकरण के लिए बुनियादी रूप से कार्य किए जा रहे हैं। बडखल विधानसभा क्षेत्र में बडखल झील का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही बडखल झील भरने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बडखल झील को भरने से फरीदाबाद को एक नया स्वरूप मिलेगा। जो ऐतिहासिक बडखल झील कभी पूरे भारतवर्ष के लोगों का आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थी, वह अब फिर एक बार पानी से सराबोर होगी। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझे काम करने का जो आशीर्वाद दिया, उसमें कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी जाएगी।

## छात्र के साथ कुकर्म करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र में छात्र के साथ कुकर्म करने के आरोपित स्कूल कर्मी को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 1.30 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि से एक लाख रुपये की राशि पीड़ित को देने के आदेश अदालत ने दिए है। वहीं जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को 41 माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। छात्र के पिता ने 17 नवंबर, 2021 को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक को को शिकायत दी थी कि उनका 14 वर्षीय बेटा खरखौदा थाना क्षेत्र के एक स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ता था और हॉस्टल में रहता था। उनके बेटे ने दो माह पहले ही उसे स्कूल से निकालने को कहा था। उनके बेटे ने स्कूल छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया था। उन्होंने बेटे के कहने पर स्कूल से उसका दाखिला रद्द करा दिया था। उसे दूसरे स्कूल में दाखिल करा दिया था।

## उमेश भाटी के नेतृत्व में भारी संख्या में महिलाओं ने जेजेपी का दामन थामा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

**अशोका एंक्लेव** स्थित जन नायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और तिगांव विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी उमेश भाटी के कार्यालय पर सोमवार को सैकड़ों की संख्या में विधानसभा से महिलाओं ने जेजेपी पार्टी का दामन थाम लिया जन नायक जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर शामिल हुई महिलाओं को प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी ने पार्टी पतका पहनकर जेजेपी पार्टी में शामिल करवाया इस मौके पर उमेश भाटी ने कहा की लगातार तिगांव विधानसभा से लोगों



का पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी हैं हरियाणा सरकार की लाभकारी नीतियां लोगों को काफी लाभान्वित कर रही है डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी लगातार चुनावी वादों को पूरा करने में लगे हुए है बुढ़ापा पेंशन हो या फिर बेरोजगार युवाओं को नौकरी देनी हो , डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी अपने वादों पर धीरे धीरे अमली जामा पहनाने का काम कर रहे है यही कारण है की मिडिल क्लास फैमिली जेजेपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय चौटाला जी और भाई

**8 उमेश भाटी के कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में विधानसभा से महिलाओं ने जेजेपी पार्टी का दामन थामा**

दिग्विजय चौटाला की कार्यशैली और डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी के द्वारा धरातल पर आम जनता के लिए विकास नितियों को लागु करना जनता को काफी पसंद आ रहा है और लोग पार्टी में शामिल होकर आने वाले विधानसभा चुनावों में डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी को हरियाणां के सीएम के रूप में देख रहे हैं।

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित तीन गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सीआईए-1** स्टाफ सोनीपत पुलिस ने दिल्ली से चोरी की मोटरसाइकिल सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ध्रुव निवासी सुंदर सांवरी, सचिन निवासी गोरड़ व कर्मबीर निवासी सिटावली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी आजाद ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान दिवान पैलेस सेक्टर-7 मोड़ बहालगढ़ रोड पर मौजूद थी।

## दो दिन की छुट्टी के बाद अस्पताल में लगी मरीजों की लंबी लाइनें

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**नागरिक** अस्पताल में दो दिन की छुट्टी के बाद रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में मरीजों की संख्या ज्यादा देखने को मिली। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीज व उनके परिजन लापरवाही बरतते नजर आए। ओपीडी व रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ज्यादातर मरीज बिना मास्क के नजर आएं। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से परिसर में आने वाले मरीज व उनके परिजनों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य किया हुआ है। जिसकी तरफ लोग ध्यान नहीं दे रहे है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में रेबिज का इंजेक्शन मुहैया नहीं करवाय जा रहा है। जिसके चलते मरीजों को मजबूरन मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन खरीदना पड़ रहा है। बता दें कि बदलते मौसम का असर देखने को मिलने लगा है। अस्पताल में मरीजों की ओपीडी संख्या बढ़ने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में वायरल बुखार के ज्यादा मरीज पहुंच रहे है। शनिवार व रविवार को अवकाश होने के चलते अस्पताल में ओपीडी बंद थी। जिसके चलते सोमवार को अस्पताल में मरीजों की ज्यादा भीड़ देखने को मिली। सोमवार को ओपीडी रजिस्ट्रेशन की संख्या 1900 के करीब पहुंच गई। जिसमें बुखार, खांसी, जुकाम, सिर दर्द के मरीजों की संख्या ज्यादा थी। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में तैनात स्टाफ, आने वाले मरीज व उनके परिजनों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य किया हुआ है। लेकिन लोग लापरवाही बरते हुए नियमों को नहीं मान रहे है। सोमवार को भीड़ होने के बावजूद अस्पताल में बिना मास्क के लोग नजर आएं। वहीं जिले में मौजूदा समय में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले के नागरिक अस्पताल में रेबिज के इंजेक्शन की एक डोज 100 रुपये लगाई जाती है। जबकि महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में खानपुर में फ्री में लगाई जाती है। वहीं घायलों को राजधानी दिल्ली तक जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। राजधानी दिल्ली में रेबिज के इंजेक्शन की डोज फ्री में मुहैया करवाई जाती है। नागरिक अस्पताल में एक माह से इंजेक्शन खत्म होने के चलते घायलों को मेडिकल स्टोर से 350 रुपये खरीदकर इंजेक्शन की डोज लगवाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

## शोध सुविधाओं को उन्नत बनाने के लिए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को मिला केन्द्रीय अनुदान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की प्रतिष्ठित 'विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं वैज्ञानिक उत्कृष्टता संवर्धन (पर्स) योजना के अंतर्गत शोध अनुदान प्रदान किया। योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय को अनुसंधान की ढांचागत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 7 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय अनुसंधान उत्सव-2023 के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अनुदान प्राप्त



किया। पर्स योजना के अंतर्गत देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों को वैज्ञानिक विकास के लिए अपने अनुसंधान ढांचे में सुधार के लिए अनुदान दिया जाता है। विश्वविद्यालय को दी जाने वाली यह एक प्रोत्साहन अनुदान योजना है जोकि विश्वविद्यालयों की शोध व्यवस्था में सुधार को लेकर केंन्द्रित है। जे.सी. विश्वविद्यालय का चयन देश के उन 12 चुनिंदा विश्वविद्यालय में हुआ है, जिन्होंने वर्ष 2022 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विशेष आह्वान पर पर्स अनुदान के लिए आवेदन किया था। विश्वविद्यालय का चयन केन्द्र की प्रतिष्ठित अनुदान योजना के अंतर्गत होने पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धी अनुदान के लिए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का चयन के लिए गर्व का विषय है जोकि विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षण और अनुसंधान में किये जा रहे गुणवत्तापूर्ण कार्यों को दशार्ता है।

## एनएसएस द्वारा आयोजित शिविर में 38 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव**

**श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि रक्तदान किसी दूसरे का जीवन बचाने का पुनीत प्रयास है। रक्तदान के लिए निसंकोच आगे आना चाहिए। यह मानवता की भावना से किया गया महा दान है। वह सोमवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर दुधौला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में 38 स्वयंसेवकों और स्टाफ के सदस्यों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में छात्राएं भी शामिल हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने रक्तदाताओं और साप्ताहिक एनएसएस शिविर में सेवा कार्य करने वाले सभी 78 स्वयंसेवकों की पीठ थपथपाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयं से पहले आप की भावना से काम करता है। इसलिए हमें दूसरों के लिए भाव रखना चाहिए। कुलपति डॉ. राज नेहरू




ने विद्यार्थियों को संस्कारों के बारे में गहन जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि चरण स्पर्श करने से लेकर तालियां बजाने तक की सारी प्रक्रियाएं हमारे संस्कार और शारीरिक अवस्थाओं के लिए उपयोगी हैं। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि समाज के प्रति हम जितना भी योगदान दे सकते हैं, हमें बढ़-चढ़कर प्रयास करने चाहिएं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता और पर्यावरण के विषय में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हमें प्लास्टिक को अपने परिवेश से बाहर करने के प्रयास करने चाहिए। प्रो. आर एस राठौड़ ने कहा कि प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति ने मंच संचालन करते हुए शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, जबकि कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नकुल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक शिविर में विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। डॉ. नकुल ने बताया कि रेड क्रॉस की ओर से सभी स्वयंसेवकों को शिविर में प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके लिए योग स्किल इंस्ट्रक्टर सोहनलाल ने स्वयंसेवकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. सविता शर्मा ने शिविर के समापन पर पहुंचे अतिथिगण का स्वागत किया। डीन प्रो. सुरेश कुमार ने मंच पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व हर्ष और आयुष अरोड़ा ने गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। अनंत ने कविता प्रस्तुत कर सराहना अर्जित की। सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर एनएसएस गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलपति के विशेष कार्य अधिकारी संजीव तायल, उप कुलसचिव डॉ. ललित शर्मा और जेई नरेश संधू भी उपस्थित थे।

## जनकल्याण सेवा संगठन ने बुजुर्ग महिला को ट्राईसाईकिल भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

**सामाजिक** संस्था जन कल्याण सेवा संगठन द्वारा डबुआ कालोनी निवासी 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला जिनके दोनों पैर खराब है उन्हें ट्राईसाईकिल भेंट की।
संस्था के अध्यक्ष राजकुमार मामोरिया ने बताया कि उन्हें किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि एक बुजुर्ग दिव्यांग महिला है। जिन्हें ट्राईसाईकिल की बेहद आवश्यकता है। जिसके बाद संस्था की टीम बुजुर्ग महिला के घर पहुंची और जांच पड़ताल कर आज उन्हें ट्राईसाईकिल भेंट की।
इस मौके पर गुलशन कथूरिया, जे.एस. मामोरिया, पंकज पाराशर, राजकुमार मामोरिया, अशोक कुमार



मामोरिया, मयंक मामोरिया, प्रवीन कुमार, पवन रावत, तरुण गुप्ता, हितेश कुमार, कैलाश शर्मा, दिनेश मिश्रा, मुनीर अहमद, गोपाल शर्मा, सोनी भाई, अनित ठाकुर, मुकेश सक्सेना, पिंटू राजपूत, जीतू भाई मौजूद थे। इस मौके पर बुजुर्ग महिला व उनके परिजनों ने जन कल्याण सेवा संगठन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## गाडियों के साइलेंसर/बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तह कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सैन्ट्रल की टीम ने गाडियों के साइलेंसर/बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के दो और आरोपियो को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में जितेन्द्र उर्फ जीतू और सुमोद कुमार का नाम शामिल है। आरोपी जितेन्द्र सेक्टर-22/23 का तथा आरोपी सुमोद कुमार संजय कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियो को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-22/23 से गिरफ्तार किया गया है आरोपियो के तीसरे साथी सुधीर को पहले ही थाना आदर्श नगर के एरिया से अवैध हथियार सहित गिरफ्तरा किया था। आरोपी से पूछताछ में 9 मामलो का खुलासा हुआ था। जिसमे आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथियो के साथ थाना आदर्श नगर,शहर बल्लबगढ़, डबुआ, छांयसा, तथा बीपीटीपी में 1-1 वारदात को तथा थाना सदर बल्लबगढ़ एवं सैन्ट्रल में 2-2 वारदातों को अनजाम दिया था। आरोपी से पूछताछ में 88000/-रु बरामद कर जेल भेज दिया था तथा अन्य 2 आरोपियो के नाम सामने आए थे जिन्हे क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियो से चोरी के 8 मामलो का खुलासा हुआ है।

## निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से एचसीएस परीक्षा का करे संचालन: डॉ. पवन कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

**हरियाणा राज्य** लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. पवन कुमार ने सोमवार को सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला में 21 मई को आयोजित होने वाली हरियाणा सिविल सर्विसेज (एग्जीक्यूटिव व अलाइड सर्विसेज) परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में उन्होंने निर्देश दिए कि हरियाणा की इस सबसे बड़ी परीक्षा को हमें पूर्ण पारदर्शिता व बेहतरीन ढंग से आयोजित करना है। उन्होंने परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सफल संचालन के लिए अधिकारियों को टिप्स भी दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के मद्देनजर संबंधित अधिकारी पूरी तरह सजग एवं सतर्क रहेंगे तभी परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध बारे भी अधिकारी ध्यान रखें और सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसी कोई भी



परीक्षा सहयोगी सामग्री जो आपत्तिजनक है उसको केंद्र में अंदर जाने ना दें। यदि स्कूलों के अन्दर वाल पेंटिंग या ब्लैक बार्ड आदि पर ऐसी सामग्री लिखी गई या पेंटिंग की गई है तो उस पर कागज चस्पा करना सुनिश्चित करें। बिना आईडी कार्ड के किसी को भी परीक्षा केंद्र के नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का सबसे बड़ा एग्जाम है और हमें इसे पूर्ण रूप से नकल रहित संपन्न करवाना है। इसलिए सभी इंतजाम सही ढंग से किए जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी व संबंधित नोडल अधिकारी परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगर समय से हमें जानकारी होगी तो कमियों को पहले ही दूर किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि परीक्षा के दिन वह कम से कम घरों से बाहर निकले ताकि बड़ी संख्या में दूसरे जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी तरह की ट्रैफिक जाम जैसी समस्या से न जूझना पड़े। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए विशेष प्लान तैयार करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट स्टेशन जी की दुकानों को पूरी तरह से बंद रखें इसके अलावा होटलों को भी उस दिन बंद रखा जाए। उन्होंने पार्किंग की व्यवस्था भी सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास बेहतरीन ढंग से करने के निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि अधिकारी आपस में तालमेल करके एचसीएस परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में पूरी सजगता से ड्यूटी दें। उन्होंने कहा कि सरकार और हरियाणा लोक सेवा आयोग का सहयोग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला फरीदाबाद में एचसीएच परीक्षा संचालन के लिए प्रशासन सजग एवं सतर्क है। उन्होंने कहा कि जिला में होने वाली एचसीएस परीक्षा के लिए पिछली बार 99 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे और इस बार भी इतनी ही संख्या रखे जाने का अनुमान है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अब तक 59 परीक्षा केंद्रों को शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है और बाकी से भी बातचीत चल रही है और इनकी संख्या बढ़ाई भी जा रही है। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा लोक सेवा आयोग/एचपीएससी परीक्षा की तैयारियों को प्रशासन ने पूरी सजगता एवं सतर्कता के साथ कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। जिला में एचसीएस की प्रारंभिक परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण तरीके से करवाई जाएंगी। बैठक के उपरान्त एचपीएससी सदस्य डॉ. पवन कुमार ने सेंट थॉमस स्कूल, सेक्टर-8, सेंट जोन स्कूल सेक्टर- 7, डीसी मॉडल स्कूल सेक्टर-9, डिवाइन पब्लिक स्कूल सेक्टर- 9, नवजीवन स्कूल सेक्टर-10 और डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14 का निरिक्षण किया।
इस दौरान परीक्षा के नोडल अधिकारी व एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, सीटीएम अमित मान, एसीपी महेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी मनीष चौधरी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# राजधानी दिल्ली





# दिल्ली में मजदूर डीटीसी बस में करेंगे फ्री यात्रा

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को श्रम विभाग के साथ बैठक की और अधिकारियों को मजदूरों के लिए घर और छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया

### निर्देश

= मुफ्त यात्रा और अपने बच्चों के लिए मुफ्त कोचिंग के लिए मजदूरों को वार्षिक डीटीसी पास प्रदान करने का निर्णय लिया गया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने छात्र और श्रमिकों को अपनी ओर लुभाते हुए मजदूरों के लिए घर तो छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था का एलान किया है। दिल्ली सरकार की इस योजन की जानकारी दिल्ली सीएमओ ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा कर दी है।



**मजदूरों और छात्रों को मुफ्त में** **मिलेगा घर:** दिल्ली सीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को श्रम विभाग के साथ बैठक की और अधिकारियों को मजदूरों के लिए घर और छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

**मजदूरों को दिया जाएगा ESI स्कीम का लाभ:** मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट के अनुसार, मुफ्त यात्रा और अपने बच्चों के



लिए मुफ्त कोचिंग के लिए मजदूरों को वार्षिक डीटीसी पास प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। सरकार राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 13 लाख श्रमिकों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना बना रही है और उन्हें टूलकिट भी प्रदान की जाएंगी। साथ ही श्रमिकों को ईएसआई स्कीम एवं ग्रुप इंश्योरेंस दिया जाएगा।

**गरीबों को अब जल्द किराये पर मिल सकेंगे सरकारी फ्लैट:** उधर, दिल्ली में जल्द ही गरीबों को किराये पर सरकारी फ्लैट मिल सकेंगे। दिल्ली सरकार इस योजना को लेकर केंद्र सरकार के साथ जल्द एमओयू पर हस्ताक्षर करेगी। दिल्ली सरकार का दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) इस यो जना पर काम कर रहा है।

दिल्ली में गरीबों के लिए 36000 फ्लैट बन कर तैयार हैं, मगर खाली पड़े हैं। केंद्र सरकार ने अब इन फ्लैटों को किराये पर उठाने की योजना बनाई है। ये फ्लैट गरीबों को ही किराये पर मिल सकेंगे ।

### महिलाओं के लिए मुफ्त नहीं होगी प्रीमियम बस सेवा

**नई दिल्ली:** प्रीमियम बस सेवा महिलाओं के लिए मुफ्त नहीं होगी। परिस्थितियां कुछ ऐसी हैं जो इस सेवा को महिलाओं के लिए मुफ्त करने की अनुमति नहीं देती हैं। योजना में दो प्रीमियम बस सेवा हैं, लेकिन दोनों ही प्रीमियम सेवा में महिलाओं के लिए मुफ्त सेवा की संभावना नहीं है।

डीटीसी की प्रीमियम सेवा सिटी बस सेवा नहीं, बल्कि अंतरराज्यीय रूट की बस सेवा है। जबकि, एग्रीगेटर के तहत आ रही प्रीमियम बस सेवा पूरी तरह निजी बस सेवा है। इस पर सरकार का अधिकार नहीं है।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर जल्द शुरू होगा एलिवेटेड टैक्सी-वे

## एलिवेटेड टैक्सी-वे टर्मिनल-1 व टर्मिनल-3 को आपस में जोड़ने का कार्य करेगा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली एयरपोर्ट** पर अभी कई अहम निर्माण हो रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा निर्माण एलिवेटेड टैक्सी-वे का हो रहा है। यह भारत का पहला एलिवेटेड टैक्सी-वे है। माना जा रहा है कि यह सितंबर से शुरू हो सकता है। एलिवेटेड टैक्सी-वे टर्मिनल-1 व टर्मिनल-3 को आपस में जोड़ने का कार्य करेगा। इसके शुरू होने से टर्मिनल-3 में अधिक विमानों की आवाजाही हो सकेगी। कई बार पर्याप्त जगह के अभाव में विमानों को उड़ान भरने में विलंब की समस्या का सामना करना पड़ता है, क्योंकि टैक्सी-वे पर जगह नहीं मिलने के कारण विमानों को टर्मिनल के पास खड़ा किया जाता है। इससे विमानों के आवागमन में दिक्कत होती है। साथ ही ये एलिवेटेड टैक्सी-वे टर्मिनल 1 व टर्मिनल 3 को आपस में जोड़ने का कार्य करेगा।

**सितंबर में हो सकता है शुरू:** आईजीआई पर बन रहे इस नए टैक्सी-वे की लंबाई 1.8 किमी और चौड़ाई 203 मीटर होगी। यह टैक्सी-वे एक 8 मीटर ऊंचे पुल पर होगा। सूत्रों की मानें तो बीसीएएस और डीजीसीए के इंजीनियरों ने इस टैक्सी-वे की जांच शुरू कर दी है

### मिलेगी राहत

= नया टैक्सी वे विमानों के खड़े होने की जगह की किल्लत को काफी हद तक कम करने में सहायक होगा

और इसी से उम्मीद लगाई जा रही है कि सितंबर में इसको खोल दिया जाए।

**यह होंगे टैक्सी-वे के फायदे:** नया टैक्सी वे विमानों के खड़े होने की जगह की किल्लत को काफी हद तक कम करने में सहायक होगा। अभी आइजीआइ के रनवे संख्या 29/11 से विमान को उड़ान भरने के लिए 9 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी होती है। नए टैक्सी-वे के शुरू होने के बाद यह दूरी काफी कम हो जाएगी। रनवे पर उतरने या उड़ान भरने के दौरान विमानों के संचालन समय मे कमी आएगी। इसके अलावा इंधन की खपत में काफी कमी होगी। इससे कार्बन उत्सर्जन भार को और कम किया जा सकेगा। जीएमआर समूह के उप प्रबंध निदेशक आई प्रभाकर राव ने बताया कि डायल द्वारा एयरपोर्ट पर पर्यावरण सुरक्षा के लिए के नए पहल किये जा रहे हैं।

# गुजरात को मिली लॉरेंस बिश्नोई की कस्टडी, पूछताछ होगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** पटियाला हाउस कोर्ट ने बॉर्डर पार तस्करी मामले में गुजरात एटीएस को लॉरेंस बिश्नोई की ट्रांजिट कस्टडी दे दी है। एटीएस को लॉरेंस विश्नोई के पाक कनेक्शन का शक है। जिसे लेकर गुजरात एटीएस लॉरेंस से पूछताछ करना चाहती है। एटीएस को अंदेशा के कि लॉरेंस के गुर्गे सीमा पार हथियारों की तस्करी करते हैं। बता दें कि इसस पहले भी लॉरेंस से उसके पाक कनेक्शन को लेकर पूछताछ हो चुकी है।

एक महीने तक एएनआई की रिमांड में रहने के दौरान लॉरेंस से पूछताछ हुई थी।

# मेयर चुनाव से पहले केजरीवाल को झटका, आप पार्षद सुनीता भाजपा में हुईं शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मेयर** चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को झटका लगा है। दिल्ली के वार्ड नंबर 130 द्वारका सी से आम आदमी पार्टी की पार्षद सुनीता ने सोमवार को भाजपा में शामिल हो गई हैं। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया है। बता दें कि 26 अप्रैल को मेयर चुनाव होना है। भाजपा और आम आदमी पार्टी ने अपने-अपने मेयर और डिप्टी मेयर प्रत्याशियों का एलान भी कर दिया है। आम आदमी पार्टी की तरफ से मेयर पद पर एक बार फिर डॉक्टर शैली ओबेरॉय और डिप्टी मेयर के लिए आले मोहम्मद इकबाल मैदान में होंगे।




वहीं, भाजपा की तरफ से मेयर पद के लिए शिखा राय और डिप्टी मेयर पद पर सोनी पांडे टक्कर देंगी।

**बहुमत का आंकड़ा आप के पक्ष में:** मेयर चुनाव के लिए कुल 274 मतों में से 150 वोट अभी आप के पक्ष में हैं, जबकि 116 वोट भाजपा के पास हैं। बीते वर्ष सात दिसंबर को निगम के 250 वार्डों के चुनाव हुए थे। इसमें आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की थी और एमसीडी में 15 साल तक लगातार सत्ता में रहने वाली भाजपा को मात दी थी। आप को 134 सीटों पर जीत

### कमल को थामा

= पार्षद सुनीता ने सोमवार को भाजपा में शामिल हो गई हैं। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष सचदेवा ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया है

मिली थी, भाजपा 104 सीटों पर सिमट गई थी।

कांग्रेस को नौ सीटें ही मिली थीं। तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे। 22 फरवरी को मेयर, डिप्टी मेयर के चुनाव में आप प्रत्याशी शैली ओबरॉय मेयर और आले इकबाल डिप्टी मेयर चुने गए थे। इसके बाद ही बवाना वार्ड से आप पार्षद रहे पवन सहरावत ने भाजपा का दामन थाम लिया था।

# पिस्टल तानकर पत्नी को दे रहा था गोली मारने धमकी

## जांच में पता चला कि पत्नी युवक के साथ रहना नहीं चाहती थी और उसे तलाक देने के लिए कह रही थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** विजय विहार इलाके में रात पारिवारिक झगड़े में एक युवक अपनी पत्नी पर पिस्टल तानकर उसे गोली मारने की धमकी देने लगा। महिला की शिकायत मिलते ही पीसीआर कर्मी फौरन मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों को देखकर आरोपी पिस्टल फेंककर भागने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने आरोपी को दबोच लिया और उसे स्थानीय थाना पुलिस के हवाले कर दिया। शुरूआती जांच में पता चला कि पत्नी युवक के साथ रहना नहीं चाहती थी और उसे तलाक देने के लिए कह रही थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज



कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है। रात 9.25 बजे एक महिला ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर बताया कि उसका पति उसे गोली मारने की धमकी दे रहा है। सूचना मिलते ही रोहिणी जोन के पीसीआर कर्मी हरकत में आ गए और तुरंत विजय विहार ई ब्लॉक में स्थित महिला के घर पहुंचे। उस दौरान पुलिस के आने से बेखबर महिला का पति पिस्टल लेकर दूसरी मंजिल से महिला को जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिसकर्मी वहां पहुंचे तो उसके होश फाख्ता हो गए और वह पिस्टल को फेंककर भागने की कोशिश करने लगा।

### हैवान बना पति

= पुलिस कर्मियों को देखकर आरोपी पिस्टल फेंककर भागने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने आरोपी को दबोच लिया

उप निरीक्षक भानु प्रकाश ने तुरंत उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान अहमद अली के रूप में हुई। पीसीआर कमियों ने उसे विजय विहार थाना पुलिस के हवाले कर दिया। उसके पास से बरामद पिस्टल पूरी तरह से खराब थी और चलने की हालत में नहीं थी।

# 2 अगस्त को होगी आसिफ इकबाल तन्हा की याचिका पर सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** दंगा मामले में दिए गए बयान को पुलिस द्वारा लीक करने का आरोप लगाते हुए आरोपित आसिफ इकबाल तन्हा द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट दो अगस्त को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने मामलों को दो अगस्त को सुनवाई के लिए सूचिबद्ध किया है। इससे पहले न्यायमूर्ति अमित शर्मा व न्यायमूर्ति एजे भंभानी की पीठ ने मामले में सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में याचिका पूरी हो चुकी है, जिसके बाद न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने याचिका पर विचार के लिए अगस्त में सूचीबद्ध किया।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को श्रम विभाग के साथ बैठक की।

# स्थायी समिति के दोबारा चुनाव की याचिका के खिलाफ जवाब दाखिल करने की मिली अनुमति

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को मेयर शैली ओबेरॉय को एमसीडी की स्थायी समिति के 6 सदस्यों के फिर से चुनाव की चुनौती के लिए जवाब दाखिल करने की अनुमति दे दी है। जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने शैली ओबेरॉय को अपना पक्ष रखने के लिए तीन का समय दिया है। बता दें कि शैली ओबेरॉय रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) भी हैं, उनका प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील ने मामले में पहले से दायर जवाब को वापस लेने की मांग की। याचिकाकर्ताओं के वकील एमसीडी पार्षद कमलजीत सहरावत और शिखा रॉय ने शैली ओबेरॉय द्वारा फिर से चुनाव कराने के आदेश के खिलाफ इस साल की शुरूआत में हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि यह स्थायी समिति के गठन को रोकने का एक प्रयास था, जो एमसीडी के समुचित कार्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### सुनवाई

= स्थायी समिति के गठन को रोकने का एक प्रयास था, जो एमसीडी के समुचित कार्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है

# रंजीत नगर में रोडरेज में डिलीवरी ब्वॉय की पीटकर हत्या, कैब सवार युवकों से हुई थी कहासुनी

## आरोपियों ने स्कूटी सवार डिलीवरी ब्वॉय को पहले स्कूटी से धक्का दिया और फिर लात घूंसों से पिटाई कर फरार हो गए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रंजीत** नगर इलाके में शनिवार देर रात रोडरेज में डिलीवरी ब्वॉय की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की एक कैब पर सवार दो लोगों से रास्ता देने को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोपियों ने स्कूटी सवार डिलीवरी ब्वॉय को पहले स्कूटी से धक्का दिया और फिर लात घूंसों से पिटाई कर फरार हो गए। मामले की छानबीन करने के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के जरिए कैब नंबर लेकर हमला करने बाले दो आरोपियों की पहचान की और फिर उन्हें रविवार दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक की शिनाख्त पंकज ठाकुर (39) के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी एक बेटा और बेटी के साथ फरीदपुरी पटेल नगर में रहता था और खाने के सामान की डिलीवरी करता था।

### गिरफ्त में...

= एक फुटेज में देखा कि पंकज को कैब सवार दो लोग पीट रहे हैं। पुलिस ने कैब का नंबर के जरिए आरोपियों की पहचान शुरू की

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात 11.30 बजे पुलिस को मेन बाजार वाली गली, शादीपुर गांव के पास एक युवक के अचेत अवस्था में पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची




पुलिस को पता चला कि स्थानीय लोगों ने घायल युवक को पटेल अस्पताल लेकर गई है।

घटनास्थल पर उसकी स्कूटी मिली। अस्पताल जाने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया है। उसके पास से मिले कागजात के जरिए पंकज ठाकुर के रूप में उसकी पहचान हुई। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला। एक फुटेज में देखा कि पंकज को कैब सवार दो लोग पीट रहे हैं। पिटाई के दौरान वह अचेत होकर गिर गया। पुलिस ने कैब का नंबर के जरिए आरोपियों की पहचान शुरू की। कैब सवारों की पहचान शादीपुर गांव निवासी मनीष कुमार और लालचंद के रूप में हुई। दोनों अपने घर से गायब थे। पुलिस उनके ठिकानों पर दबिश दी और रविवार दोपहर इलाके से ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रात में दोनों कैब से गली में घूम रहे थे। पंकज अपनी स्कूटी लेकर गली में खड़ा था। उनलोगों ने उसे स्कूटी साइड कर रास्ता देने के लिए कहा। इस बात पर उनकी कहासुनी हो गई।

**राज पार्क में युवक की चाकू से गोदकर हत्या:** राज पार्क इलाके में शनिवार रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। आशंका है कि लूटपाट का विरोध करने पर हत्या की गई है। हालांकि युवक के पास से पर्स व अन्य सामान मिले हैं। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शनिवार देर रात 12.33 बजे राज पार्क इलाके में राठी अस्पताल के पास एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक की आंतें निकल गई है।

# नवजात को बेचने जा रही महिला एयरपोर्ट से पकड़ी, आरोपी ने मां पर लगाया आरोप

## बच्ची की मां ने महिला के आरोप का खंडन किया और महिला पर उसकी बेटी को चुराने का आरोप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नवजात** बच्ची को बेचने के लिए हैदराबाद ले जा रही एक महिला को पुलिस ने इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। शुरूआती पूछताछ में आरोपी महिला ने बच्ची की मां पर ही उसे बेचने का आरोप मढ़ दिया। हालांकि बच्ची की मां ने उसके आरोप का खंडन किया है और महिला पर बच्ची को चुराने का आरोप लगाया है। अब पुलिस इस प्रकरण में उस महिला की तलाश में जुट गई है, जिसने बच्ची को बेचने जा रही महिला के बारे में



पुलिस को जानकारी दी थी। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस को 21 अप्रैल को सूचना मिली कि एक महिला नवजात बच्ची को बेचने के लिए हैदराबाद जा रही है। पुलिस ने टर्मिनल तीन से एक महिला को पकड़ा। उसके पास तीन-चार दिन की एक बच्ची थी। पुलिस महिला और बच्ची को लेकर थाने पहुंची और महिला से पूछताछ शुरू की। महिला इधर उधर की बात करने लगी।

### शिकंजा

= पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस अब तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है

कड़ाई से पूछताछ करने पर महिला ने बताया कि सागरपुर में रहने वाली बच्ची की मां ने ही उसे बच्ची को हैदराबाद में बेचने के लिए दिया था।

वह हवाई जहाज से हैदराबाद जा रही थी। महिला के इस खुलासे के बाद पुलिस बच्ची की मां के पास पहुंची और महिला के आरोप के बारे में पूछताछ की। बच्ची की मां ने महिला के आरोप का खंडन किया और महिला पर उसकी बेटी को चुराने का आरोप लगाया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस अब तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। पुलिस अब उस महिला की तलाश में जुटी है, जिसने महिला को बच्ची को बेचने के इरादे से ले जाने की जानकारी दी थी। जांच में पता चला है कि सूचना देने वाली महिला का मोबाइल फोन बंद है और वह गायब है। पुलिस का कहना है कि उस महिला के सामने आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

# अपार्टमेंट के दरवाजे पर 2 नकाबपोश लोगों ने चलाई गोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक अपार्टमेंट के दरवाजे के बाहर रविवार को दो लोगों ने बदमाशों ने गोलियां चलाईं। पुलिस ने बताया कि यह दिल्ली के सिद्धार्थ नगर के सनलाइट कॉलोनी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, आरोपित ने पहली मंजिल के अपार्टमेंट के दरवाजे पर दो गोलियां चलाईं, जो एक हिप्नोथेरेपिस्ट सोहेल सिद्दीकी का है।

**फायरिंग के ग्राउंड फ्लोर की गए हमलावार:** फायरिंग की घटना के बाद हमलावर ग्राउंड फ्लोर की ओर भाग गए। पुलिस ने आगे बताया कि भागने से पहले नकाबपोश लोगों ने ग्राउंड फ्लोर पर एक अन्य अपार्टमेंट की खिड़की पर तीन गोलियां भी चलाईं। घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। एक अधिकारी ने कहा, "सीसीटीवी फुटेज में दो लड़कों को रिहायशी इमारत की पहली मंजिल पर जाते हैं।

### जांच जारी

= अपार्टमेंट के दरवाजे के बाहर फायरिंग की इस घंटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है

**दूसरे फ्लैट की खिड़की पर भी की फायरिंग:** उन्हें दरवाजा खटखटाते और फिर दरवाजे पर गोलियां चलाते हुए देखा जा सकता है।" अधिकारी ने कहा, "इसके बाद वे ग्राउंड फ्लोर की ओर भागे और दूसरे फ्लैट की खिड़की पर तीन राउंड गोलियां चलाईं।"

इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

बताया गया कि जिस अपार्टमेंट को निशाना बनाया गया था, वह फिलहाल किराए पर है। अपार्टमेंट के दरवाजे के बाहर फायरिंग की इस घंटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### अद्भुत संगम कुरुक्षेत्र की मासिक काव्य गोष्ठी हुई आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )अदबी संगम** कुरुक्षेत्र की मासिक काव्य गोष्ठी श्री सतीश गर्ग की मेजबानी में व प्रेम सागर कुंजपुरा करनाल से पधारे उनकी अध्यक्षता में सीनियर सिटीजन फोरम सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई। जिसमें पधारे कविगण मुख्य रूप से करनाल से रामेश्वर देव, राजपाल और प्रेम सागर एवं डॉ हरीश बावला, डॉ सुभाष गर्ग, डॉ राकेश भास्कर, आरके शर्मा, श्रीमती गंगा मलिक, डॉ शकुंतला शर्मा, डॉ बलवान सिंह बादल, प्रकाश कुरूक्षेत्री, सुधीर ढांडा, सीमा बिरला, रामेश्वर एवं सूबे सिंह सुजान आदि शामिल रहे। अदबी संगम कुरुक्षेत्र करनाल व कुंजपुरा से पधारे कविगण का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता है और आज काव्य गोष्ठी में आए सभी सम्मानित सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद।

### गांव भूतमाजरा में लगे शिविर में 90 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) स्टालवार्ट फाउंडेशन** के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग की ओर से लाडवा ब्लाक के गांव भूत माजरा में एक स्वास्थ्य चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 90 ग्रामीणों लोगों की अनेक प्रकार की बीमारियों की जांच की गई।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी इच्छा है कि उनके हल्के का कोई भी व्यक्ति बीमार न हो उन्होंने कहा कि जब हल्के के लोग स्वस्थ रहेंगे, तभी वह अपने कार्य कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके फाउंडेशन की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। लगभग महीने में दो या तीन लाडवा हलके के गांवों में इस प्रकार के शिविर लगाए जाते हैं। इससे पूर्व आरोग्यं हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा 90 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें ब्लड शुगर बीपी खांसी जुकाम व अन्य प्रकार की बीमारियों के बारे में जांच की गई। वहीं मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी दी गई। इस अवसर पर रिंकू, सुरेश कुमार, राजकुमार, रमेश चंद, अमरजीत, राजबीर, रविंद्र, राजेश, फुलचंद, मेवा सिंह, सतबीर, जगीर सिंह, प्रेम सिंह, रजनी, राजरानी, सुमन, राजबाला, गुरमेलों, संतोष सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### निकाय चुनाव: उड़नदस्ता टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**मथुरा।** निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। चुनाव गतिविधियों पर प्रशासन की नजर है। सोमवार को उडनदस्ते में तैनात अधिकारियों ने जगह-जगह छापेमार कार्रवाई की। तो वहीं, शहर में घूमते हुए प्रत्याशियों के वाहनों को चेक किया तो उनमें मिली प्रचार सामग्री के दस्तावेज भी मांगे है। नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उडनदस्ते गली मोहल्लों में कडी निगरानी रखे हुए हैं। सोमवार को उड़नदस्तों की जगह-जगह हुई कार्रवाई ने शहरभर में खलबली मचाई रखी। शहर के घंटाघर चौराहे पर सत्तारूढ़ भाजपा के एक चुनावी वाहन को रुकवा लिया। उसकी जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि वह वाहन भाजपा प्रत्याशी का था। उन्होंने वाहन में उड़नदस्ते को कुछ प्रचार सामग्री मिली। जिसके दस्तावेज दिखाने के लिए मांगे हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव प्रचार वाहन रिक्शा को रोककर उसकी परमिशन मांगी तो परमिशन में गाड़ी लिखी थी। जिसके बाद उडनदस्ता ने उसे चेतावनी देकर कार्यालय भेज दिया। उडनदस्ते में शामिल अधिकारियों ने बताया कि कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। अगर वो उपलब्ध नहीं होते है तो कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उधर, उडनदस्ता टीम के द्वारा जांच करने पर प्रत्याशियों में भी हड़कंप मच गया। कई गाड़ियों को भी चोरी छिपे भागते हुए देखा।

### असीस कौर ने अपना नया सिंगल "आई डोंट गिव अ" रिलीज किया

**नई दिल्ली। भारत** की सबसे दमदार और जानी-मानी आवाजों में से एक असीस कौर ने आज अपना नया सिंगल "आई डोंट गिव अ" रिलीज किया। यह गीत एक गर्जना भरी क्रांति है और एक महिला जो अपनी ज़िंदगी की मालकिन खुद है उसका गीत है, साथ ही यह गीत देश भर की उन महिलाओं को आनंदपूर्ण सम्मान देता है, जो किसी भी चीज और हर उस चीज की परवाह न करने का विकल्प चुनती हैं, जो उन्हें परेशान करती हैं। दिल टूटने पर लड़कियाँ अब और नहीं रोएंगी। वे यहाँ अपनी शर्तों पर अपना जीवन जीने और मजे करने के लिए हैं।

इस म्यूजिक वीडियो में असीस कौर को एक शानदार नए अवतार में दिखाया गया है, क्योंकि वह अभिनेता और कॉमेडियन आदर मलिक के साथ मुख्य किरदार निभा रही हैं। विजय अनिल गांगुली द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ किया गया, यह संगीत वीडियो देखने में बेहद आकर्षक होने के साथ ह्न साथ अंत में कहानी को एक नया मोड़ देकर इस गीत की ऊर्जा और भावना को पूरा करता है, कुमार द्वारा लिखे गए और गोल्डी सोहेल द्वारा संगीतबद्ध, इस ट्रैक को असीस के जोशीले स्वर और प्रतिभाशाली बुर्राह द्वारा रैप किया गया है।

# 18 ग्राम पंचायतों का फसल बीमा लैप्स, किसान नाराज

## किसानों ने किया उप कृषि निदेशक कार्यालय का किया घेराव




**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। 18 ग्राम** पंचायतों का फसल बीमा कंपनी से लैप्स हो गया है। इससे इन किसानों में नाराजगी है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने किसानों के साथ मिलकर उप कृषि निदेशक अधिकारी के कार्यालय का घेराव किया। किसान और अधिकारियों की नोकझोंक हो गई। जिसमें बीमा कंपनी द्वारा छाता तहसील के 18 ग्राम पंचायतों की बीमा लेप्स किए जाने का किसानों ने मुद्दा उठाया गया। जिसको लेकर अधिकारियों के द्वारा किसानों को काफी समझाने के बाद जल्द ही जांच कर रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने किसानों के साथ मिलकर उप कृषि निदेशक अधिकारी के कार्यालय का घेराव किया जहां पर किसानों की अधिकारियों से तीखी नोकझोंक हुई क्योंकि बीमा कंपनी के द्वारा छाता तहसील की कमाई, पिसावा, खायरा, पैगाम, रानहेरा, उमराया, बठैन, कामर आदि गांवों सहित लगभग 18 ग्राम पंचायतों कि रवि की फसल के बीमा को लेप्स कर दिया गया। भारतीय किसान यूनियन जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने बताया कि किसानों के बीमा को लैप्स होने का उन्हें पता चला तो किसानों में आक्रोश पैदा हो गया। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने मथुरा पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने 20 मई तक का अधिकारियों को समय दिया गया है कि 20 मई तक जांच करा कर को चित्रपट दी जाएगी और किसानों को हो रही समस्या का समाधान किया जाएगा। अगर 20 मई तक किसानों की बीमा का समाधान नहीं किया गया तो बहुत बड़े स्तर पर भारतीय किसान यूनियन टिकट के नेतृत्व में किसानों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन अधिकारियों के ऑफिस में ताला जड़ दिया जाएगा।

## केयू स्थित डे केयर सेंटर में बच्चों हेतु खिलौनों का हुआ वितरण किया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन शोध केन्द्र द्वारा आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र पूर्व छात्र संघ के सहयोग से विश्वविद्यालय में स्थित डे केयर सेंटर पर आने वाले बच्चों हेतु खिलौनों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता शर्मा रहीं। उन्होंने बच्चों के लिए झूले, साइकिल व अन्य खिलौने डे केयर सेंटर को दिये तथा डे केयर सेंटर पर उपस्थित कर्मियों से बच्चों की देखभाल से जुड़ी जरूरतों पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों की दिनभर की जाने वाले गतिविधियों, स्कूल पूर्व शिक्षा, आहार, साफ-सफाई आदि पर भी बातचीत की तथा बच्चों की अच्छी देखभाल के लिए प्रोत्साहित किया।

## समाज सेवा संगठन ने बिशनस्वरूप कॉलोनी में लगाया 32वां वाटर कूलर



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत समाज** सेवा संगठन द्वारा सोमवार को वार्ड 26 की बिशनस्वरूप कॉलोनी में 32वां वाटर कूलर लगाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती विजयलक्ष्मी पालीवाल ने नारियल तोडकर किया। मुख्य अतिथि ने कहा समाज सेवा संगठन जल सेवा कर बहुत ही पुण्य का काम कर रहा है। संगठन द्वारा जरूरतमंदों को वैष्णो देवी, शिवखोड़ी, मथुरा व वृंदावन की निशुल्क यात्रा करवाना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक कार्य सभी संगठनों द्वारा करने चाहिए। संगठन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया बिशन सरूप कॉलोनी में अनेकों कंप्यूटर सैंटर हैं, जहां पर पानीपत शहर व आस-पास के गांवों से बहुत से बच्चे कंप्यूटर कोर्स करने आते हैं और यहां से हर वक्त राहगीरों का आना जाना भी लगा रहता है।

## दिल्ली मॉडल पर निकाय चुनाव में वोट मांग रही आप

**मथुरा। आम** आदमी पार्टी दमदारी से निकाय चुनाव लड रही है। पार्टी के महापौर प्रत्याशी प्रवीण भारद्वाज ने मथुरा के सदर मालियान, अशोक बिहार, माली पाड़ा, अमीन कॉलोनी, यमुना बाग, पुरानी छावनी, सदर बाजार, अहीर पाड़ा, बाड़पुरा आदि में जनसंपर्क कर अपने लिए वोट मांगे। भारद्वाज ने सुबह से ही घर घर जाकर आम आदमी पार्टी के लिए वोट मांगे और लोगों से आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली में किए गए कामों के बारे में बताया। कहा कि मथुरा वृंदावन नगर में विगत समय में हाउस टैक्स और वाटर टैक्स को कई गुना बढ़ा दिया गया है जबकि भाजपा के सभी नेता जानते हैं कि मथुरा वृंदावन नगर में अधिकांश आबादी गरीब है जो रोज कमा कर खाती है उन पर हाउस और वाटर टैक्स को बढ़ाकर भाजपा ने उन पर बोझ बढ़ा दिया।

## पानीपत में विभिन्न खंडों में 30 ई-लाईब्रेरी बनाई जाना प्रस्तावित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत जिला** परिषद की ओर से जिला के विभिन्न खण्डों में 30 ई-लाईब्रेरी बनाई जाना प्रस्तावित किया है। जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि ये ई-लाईब्रेरी खण्ड इसराना में ग्राम पंचायत इसराना, बापौली में बेगमपुर, ताहरपुर, डाडौला, गढ़ी भलौर, खण्ड मडलौडा में धर्मगढ़, कवी, नैन, ऊंटला, वैसर और उरलाना कलां, खण्ड पानीपत के राजाखेड़ी, शिमला मौलाना और खौतपुरा गांव में बनाई जाएंगी। ज्योति शर्मा ने बताया कि इसी तरह खण्ड समालखा के बिलासपुर, छदिया यूसूफपुर, देहरा, ढिण्डार, गढ़ी त्यागान, ढौढपुर, हलदाना, जौरासी खालसा, जौरासी खास, मनाना, नामुण्डा, नारायणा, पावटी, शहर मालपुर और वजीरपुर टिटाना व सनौली खुर्द के कुराड़ व जलालपुर गांव में भी ई-लाईब्रेरी की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि ये ई-लाईब्रेरी बच्चों के भविष्य को सुधारने और पढाई के प्रति उनकी रूचि पैदा करने के लिए काफी सहायक सिद्ध होगी। वहीं जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा व वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक ने बताया कि यही नहीं इन लाईब्रेरी में सामान्य ज्ञान तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर पुस्तकें भी उपलब्ध होंगी। इस लाईब्रेरी में इंटरनेट क्नैक्शन को भी जोड़ा जाएगा ताकि बच्चे विश्व ज्ञान को भी समेट सकें।

# उपायुक्त ने वन स्टॉप सेंटर की प्रगति की समीक्षा बैठक की

## उपायुक्त ने संबंधित विभागों को हर महीने की अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी दिये निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला उपायुक्त डॉ.** प्रियंका सोनी की अध्यक्षता मे जिला सचिवालय के सभागार में बेटी पढाओ-बेटी बचाओ एवं वन स्टॉप सेंटर की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के विभिन्न गांवों में लिंगानुपात पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने जिन गांवों में लड़कियों की जन्म संख्या की कम है उन गांवों में विशेष फोकस रख कर अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को हर महीने की अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बैठक में विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में उपायुक्त को विस्तार से अवगत करवाया। उन्होंने बेटी बचायो बेटी पढ़ायो स्कीम के बारे बताते 534 आंगनवाड़ी केन्द्रों की वर्ष 2022-23 का गाँव वाइज सेक्स रेश्यो का डाटा प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कम सेक्स रेश्यो वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में गाँव स्तरीय मीटिंग ली जाये तथा रिपोर्ट तैयार शिविर लगा कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाए।

इसके अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा वन स्टॉप स्कीम के बारे जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर में कानूनी सहायता, काउंसलिंग, चिकित्सा कि सुविधा तथा पांच दिन का अस्थाई आश्रय भी प्रदान किया जाता हैं। वर्ष 2019 से सेक्टर 16 में स्थाई तौर पर बन रही वन स्टॉप सेंटर की ईमारत के निर्माण कार्य बारे चर्चा की गई ,जिसका कार्य पूर्ण होने वाला है। उपायुक्त ने निर्माण कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करवाया जाए ताकि वन स्टॉप सेंटर की इमारत का उद्घाटन करवाकर वन स्टॉप सेंटर को सेक्टर 16 में शिफ्ट किया जाये तांकि पीड़ित महिलाओं को न्याय व सुविधाएँ प्रदान की जा सकें।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप सिंह, नगराधीश गौरव चैहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति बलजीत कौर, स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिप्टी सीएमओ डॉ स्नेह और पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. विकास के अलावा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## काई इंडिया ने सुपीरियर जापानी तकनीक के साथ महिलाओं के लिए लॉन्च किया नया के4 सॉफ्ट रेजर




**नई दिल्ली।** गर्मियां आते ही महिलाओं में हेयर रिमूवल की मांग बढ़ जाती हैं आपकी इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए जापान के प्रमुख रेजर एवं ब्यूटी टूल्स के ब्राण्ड काई ने लॉन्च किया है के4 सॉफ्ट रेजर, जिसमें बेहतर जापानी तकनीक और नवीन विशेषताएं हैं। के4 सॉफ्ट रेजर एक डिस्पोजेबल रेजर है जो पैरों, अंडरआर्म्स और बिकनी क्षेत्र के बालों को हटाने का एक आरामदायक और सहज अनुभव प्रदान करता है। इसके चार उच्च-गुणवत्ता वाले ब्लेड सुनिश्चित करते हैं कि आपकी त्वचा असाधारण रूप से स्मूथ बनी रहे। के4 सॉफ्ट रेजर के अल्ट्रा-थिन ब्लेड त्वचा पर आसानी से चलता है, जिससे शेविंग आसान हो जाती है। उपयोग के बाद, ब्लेड को धोना आसान होता है, यह सुनिश्चित करता है कि रेजर स्वच्छ और लंबे समय तक चलने वाला बना रहे। तो अब आप काई इंडिया के के4 सॉफ्ट रेजर के साथ घर में आराम से बैठकर पेनलैस हेयर रिमुवल का लुत्फ उठा सकती हैं। इसका हैण्डल बेहतरीन ग्रिप देता है, जिससे इनके इस्तेमाल से किसी तरह की जलन या कटने की संभावना भी नहीं रहती। के4 सॉफ्ट रेजर के लॉन्च पर बारे में बात करते हुए, काई इंडिया के प्रबंध निदेशक, राजेश यू. पंड्या ने कहा, "हमारा नया के4 सॉफ्ट रेजर उन महिलाओं के लिए एक उत्कृष्ट समाधान है जो अपने हेयर रिमूवल की जरूरतों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रेजर की तलाश में हैं। के4 सॉफ्ट रेजर का डिजाइन और बेहतर जापानी तकनीक बालों को हटाने को आसान बनाती है।

## प्रतापगढ़ विद्यालय में योग प्रशिक्षण शिविर आज संपन्न

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक) भारतीय** योग संस्थान के अर्जुन योग जिला के तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रतापगढ़ में आयोजित पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन आज भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर द्वारा शिविर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को योगाभ्यास करवाया गया । संस्थान के अर्जुन योग जिला, कुरुक्षेत्र इकाई के प्रधान मनीराम सैनी ने सभी आसनों, प्राणायाम व ध्यान साधना का सुंदर प्रदर्शन किया । आज आसनों के क्रम में ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन, कटिचक्रासन, पद्मासन, पश्चिमोतानासन, कोणासन व वज्रासन करवाए गए। गहरे लंबे श्वासों के अभ्यास के बाद विद्यार्थियों को अनुलोम विलोम तथा भ्रामरी प्राणायाम करवाये गये । विद्यार्थियों को उनके लिए उपयोगी प्रत्येक आसन, प्राणायाम, गहरे लंबे श्वास व ध्यान साधना के लाभ भी बताए गए। अंत में ध्यान साधना में सभी प्रतिभागियों ने शांत मन से ओम का उच्चारण किया। ध्यान साधना के समय और कुछ देर बाद तक वातावरण शांत बना रहा।

## खेलों में भाग लेने से छात्रों का शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है : ऊषा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक )**आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीपला कलस्टर होने के नाते वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का संचालन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में आज अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 वर्षीय छात्रों की कबड्डी करवाई गई ।कलस्टर में आने वाले सभी स्कूलों के टीम इंचार्ज मौजूद रहे । प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीपला की प्रिंसिपल श्रीमती ऊषा ने किया। उन्होंने सभी बच्चों को प्यार की भावना से खेलने पर जोर दिया प्रिंसिपल ऊषा ने कहा कि खेलों से छात्रों में भाईचारा, प्रतिस्पर्धा और अनुशासन का भाव पैदा होता है। खेल प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों का शारीरिक विकास होने के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। इसलिए सभी छात्र समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लें । सभी अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को खेलों के प्रति भी प्रेरित करें ।आज देखने में आ रहा है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर अपने देश, अपने प्रदेश, अपने गांव, अपने माता-पिता और अपने गुरुजनों का नाम रोशन कर रहे हैं।

# 'गरीब लोगों को तंग करने वाले अफसर अपनी हरकतों से बाज आये'



**टीम एक्शन इंडिया/पंचकुला श्रम विभाग के अंतर्गत आने** वाले भवन निर्माण से जुड़े मजदूरों के कल्याण हेतू बनाये गये बोर्ड के अधिकारियों की मनमानी व बेरूखी से तंग आकर पंचकुला सेक्टर 20 आशियाना के काफी लोग जिनमे महिलाए भी शामिल थी सहायता हेतू जजपा पंचकुला के शहरी जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग से मिले व उनको अपना दुखड़ा सुनाया। उनके साथ आए मास्टर रंजीत कुमार,मजदूर एवं कर्मचारी नेता महेंद्र शर्मा ने जजपा जिला अध्यक्ष को बताया कि पंचकुला में भवन निर्माण से जुड़े सेंकड़ों गरीब मजदूर लोग सरकार से मिलने वाली अर्थिक सहायता न मिलने के कारण सालों से धक्के खा रहे हैं तथा उनकी कोई सुद लेने वाला नहीं है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार ने भवन निर्माण से जुड़े मजदूरों, राज मिस्त्रियों तथा उन पर आश्रित परिवार के अन्य सदस्यों के कल्याण के लिये भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का गठन कर रखा है । इस बोर्ड का मुख्य कार्य भवन निर्माण से जुड़े गरीब लोगों को इस कार्य में प्रयोग होने वाले औजार ,साइकिल, महिलाओं को गुजारा चलाने के लिये सिलाई मशीन, उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए वजीफा व किताबें , शादी या कार्य के दौरान कोई अनहोनी होने पर आर्थिक सहायता देने का होता है।

जजपा से जुड़े मजदूर कर्मचारी नेता महेंद्र शर्मा व रंजीत कुमार ने बताया कि सालों से पंचकुला की राजीव कालोनी, इंदिरा कालोनी ,खड़क मंगोली तथा अन्य गांवों के हजारों लोग भवन निर्माण से जुड़े कार्यों में मजदूरी करके अपने परिवारो का पालन-पोषण कर रहे हैं तथा सरकार ने भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का गठन करके जरूरत पड़ने पर नियमानुसार उनको अर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान किया हुआ है। ये सहायता लेने के लिए पात्र व्यक्तियों द्वारा फॉर्म भरकर विभाग के अधिकारियों के पास जमा करवाए जाते हैं तथा ये आवदेन ऑनलाइन भी किए जाते हैं। परंतु बोर्ड के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा गरीब व अनपढ़ मजदूरों को बहुत तंग किया जाता है उनके बार बार चक्कर कटवाए जाते हैं। महेंद्र शर्मा ने जजपा जिला अध्यक्ष सिहाग को बताया कि बहुत से मजदूरों के 3-4 सालों से केस बकाया पड़े हैं, परंतु बोर्ड के कर्मचारी अधिकारी अधूरे फॉर्म भरे होने का बहाना बना कर इन गरीब लोगों को धक्के खाने को मजबूर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी दलाल के माध्यम से उनको रिश्वत दी जाती है तो ये काम तुरंत हो जाता है।

# प्रॉपर्टी आईडी में सुधार के लिए सरकार ने लॉन्च किया पोर्टल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत शहरी** क्षेत्रों में प्रॉपर्टी आईडी अपडेट करने के लिए प्रदेश सरकार ने शहरवासियों को बड़ी राहते देते हुए पोर्टल लॉच किया है। जिस पर कोई भी शहरवासी अपनी प्रॉपर्टी डाटा को अपडेट या सत्यापित कर सकता है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त राहुल नरवाल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों के कारण अक्सर आमजन को नगर निगम में खासी परेशानी उठानी पड़ती थी, लेकिन अब सरकार द्वारा जनहित में प्रॉपर्टी आईडी सम्बंधित समस्याओं के

> **8 नागरिकों को क्यूआर कोड से खुलने वाले पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी सम्बंधित व अन्य आवश्यक जानकारी देनी होगी**

समाधान के लिए स्वयं प्रॉपर्टी मालिक को ही अपनी प्रॉपर्टी डाटा सत्यापन व अपडेट का विकल्प देकर राहत प्रदान की है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर जाने के लिए नागरिकों को क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। शहरी निकाय विभाग की ओर से नई प्लानिंग के तहत क्यूआर कोड जारी किया गया है। यह विभाग की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सम्बंधित व्यक्ति खुद कहीं से भी प्रॉपर्टी आईडी में बदलाव की प्रक्रिया पूरी कर सकता है। नागरिकों को क्यूआर कोड से खुलने वाले पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी सम्बंधित व अन्य आवश्यक जानकारी देनी होगी। उन्होंने बताया कि क्यूआर कोड स्कैन करने पर शहरवासी यूएलबीएचआरवाईएनडीसीडॉटओआरजी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी का डेटा देख सकेंगे। विभाग द्वारा अपने स्तर पर प्रॉपर्टी का मिलान किया जा रहा है। उन्होंने शहरी

# संपादकीय

## करोना कभी नष्ट ना होने वाला संक्रमण

**करोना कभी** न नष्ट होने वाला वाला ऐसा जानलेवा संक्रमण है जिसके महीनों तथा वर्ष के अंतराल में लौट लौट कर मानव शरीर में आने की संभावना सदैव बनी रहती है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि करोना संक्रमण के वैरीअंट को समूचा खत्म नहीं किया जा सकता उसकी केवल प्रीवेंटिव मेडिसिन या वैक्सीन ही ली जा सकती है। करोना से दूर रहने के लिए केवल और केवल सावधानी और चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई गाइडलाइंस का ही पालन करना होगा, अन्यथा करोना जानलेवा तो है ही। क्या आपको नहीं लगता एक दूसरे के संक्रमण से फैलने वाला भयानक करोना सिर्फ प्राकृतिक विपदा एवं प्राकृतिक असंतुलन का नतीजा है, बल्कि कुछ मांस भक्षी लोगों मानसिक असंतुलन का भी भयानक परिणति है। प्रकृति ने हमें पहले से ही सचेत करके रखा था, पहले सुनामी, बाढ़, सूखा और भूस्खलन के परिणामों से हमें आगाह किया था और न जाने इन भयानक विपदाओं से कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। हर वर्ष सुनामी,भूस्खलन,बाढ़ से मरने वालों की संख्या हजारों में होती रही है, पर कुछ देशों के नागरिकों के मानसिक संतुलन का क्या कहें, जिन्हें सब्जी,भाजी,दूध,फल, सूखे मेवे को छोड़कर कुत्ता, बिल्ली,सांप, चमगादड़, सूअर खाने की न जाने क्यों इच्छा बलवती हुई है,और उन्होंने इसका रोजमर्रा की जिंदगी में सेवन करना शुरू कर दिया,चीन सहित विश्व में कई ऐसे देश है जो हर जंतु के मांस का खाने में रोज इस्तेमाल कर नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। चीन के द्वारा चमगादड़, सांप, केकड़े और ना जाने कितने जीव जंतुओं का मांस अपने आहार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, और इसी की परिणति हुई है कि चमगादड़ में नाना प्रकार के प्रयोग कर करोना वायरस जैसे भयानक संक्रमण वाली बीमारी की उत्पत्ति कर दी और यही करोना वायरस ने पूरे विश्व में मौत का तांडव मचा कर लाखों लोगों की मृत्यु का कारण भी बना है। यह मानवीय मानसिक आसंतुलन तथा दिवालियापन का एक भयानक परिणाम है। जिसकी एकदम सही और सटीक इलाज खोजने में चिकित्सकों को वैज्ञानिकों को सिर से पैर तक पसीना छूट गया है। फिर भी इस कोविड-19 के वायरस का 100% इलाज नहीं खोज पाए हैं। पृथ्वी में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं जल, वायु, मृदा तत्व, पेड़, झरने,समुद्र, तालाब,नदियां इन सब का सकारात्मक इस्तेमाल कर मानव धरती को समृद्ध तथा मालामाल करता आया है, एवं अपने जीवन यापन हेतु सुचारू रूप से सब्जियां, फल,आयुर्वेदिक दवाएं और न जाने कितने मृदा तत्व जिनमें हीरे,मोती, जवाहर, लोहा,पीतल, तांबा,सोना,चांदी आदि निकालकर जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सफल हुआ है। पर कुछ लोगों ने दिमागी असंतुलन के चलते मूक जानवरों का वध करके उसे भोजन की वस्तु बनाकर प्राकृतिक असंतुलन बढ़ाने का जोखिम उठाया, इसी तरह पेड़, जल, मिट्टी, वायु का संरक्षण न करके उसने अप्राकृतिक वस्तुओं का इस्तेमाल करके विश्व का तापमान बढ़ाकर मानव जाति के लिए अनेक खतरे एवं मुसीबतें पैदा कर ली है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है।

# माफिया के महिमामंडन की बेशर्म राजनीति

डॉ. आशीष वशिष्ठ

> "कानून तो मानो अतीक का बंधक बना था। नेतागण आज किस कानून की दुहाई दे रहे हैं? ऐसी स्थितियों और समीकरणों में कानून और अदालतें क्या कर सकती थीं? उप्र में बीते छह साल से भाजपा की योगी सरकार है, लिहाजा आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि इस दौरान कितनी मुठभेड़ें की गईं और उन्हें कोई भी इंसाफ नहीं मिला। हम भी इसी सोच के पक्षधर हैं कि अंतिम न्यायवादी निर्णय अदालत का ही होना चाहिए, लेकिन अतीक जैसे माफिया को अदालतें सजा ही नहीं सुना पा रही हैं, तो सरकार और पुलिस क्या करे? क्या माफियागीरी को जिंदा रहने दें, फलने-फूलने दें? इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए"

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हुंकार प्रदेश और देशवासियों को विस्मृत नहीं हुई है। जब उन्होंने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जान के लाले पड़ जाएंगे। माफिया या तो जेल में होगा अथवा उत्तर प्रदेश से भाग जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह बयान प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकाण्ड के चश्मदीद उमेश पाल की दिनदिहाड़े हत्या के बाद आया था। उमेश पाल की नृंशस हत्या अतीक अहमद के बेटे और गुर्गो ने की थी। उमेश पाल की हत्या के बाद अतीक अहमद के परिवार और गुर्गों के सितारे गर्दिश में चल रहे हैं। हत्याकाण्ड में शामिल कई शूटरों का पुलिस इनकाउंटर कर चुकी है। जिसमें अतीक का बेटा असद भी शामिल है। बीती 15 अप्रैल को पुलिस के सख्त पहरे और चैतरफा घेरेबंदी के बावजूद, किसी ने मीडिया का मुखौटा धारण कर, अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर गोलियां चला दीं और कुछ ही सेकंड में जिंदगियां निष्प्राण हो गईं। माफिया के रूपक बने दोनों भाई मारे गए। यह हत्यावादी हमला भी किसी साजिशाना रणनीति का हिस्सा हो सकता है! अतीक और अशरफ को ह्यलाशह्ण बनाने वालों ने आत्म-समर्पण भी कर दिया। उन पर हत्या का मुकदमा चल सकता है। साक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट और सार्वजनिक हैं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक आयोग से जांच के आदेश दिए हैं। बेशक अतीक की माफियागीरी का फिलहाल अंत को चुका है, लेकिन उसके चार बेटे (दो बालिग, दो नाबालिग) पुलिस की गिरफ्त में हैं। लेकिन जिस तरह की राजनीति अतीक और अशरफ की हत्या के बाद की जा रही है, वो सोचने को मजबूर करती है। अतीक और अशरफ की मौत को चंद सियासी दल और संगठन सांप्रदायिक मुद्दा बनाने की कोशिश लगातार कर रहे हैं। सपा, बसपा और ओवैसी इस हत्याकांड को ह्यमुस्लिमवादह्ण के तौर पर प्रचारित करने में प्रयासरत हैं। यह खुला तथ्य है कि अतीक को मुलायम सिंह यादव और मायावती सरीखे नेताओं का संरक्षण हासिल था, जिसकी छाया में वह माफिया बनता चला गया। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल शूटआउट केस में नामजद अभियुक्त हैं। उमेश पाल शूटआउट केस में संलिप्तता सामने आने के बाद पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया है। फिलवक्त फरार चल रही शाइस्ता ने इस साल जनवरी की पांच



तारीख का असदुद्दीन की पार्टी एआईएमआईएम को छोड़कर बसपा का दामन थामा था। शाइस्ता के साथ उनके तीन बेटों ने भी बसपा की सदस्यता ली थी। उस वक्त यूपी निकाय चुनाव टलने की वजह से आज अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता को आधिकारिक तौर पर प्रयागराज सीट से मेयर का उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया था। इसके बावजूद मंच से कई बार यह बात कही गई कि जब भी चुनाव होगा और शाइस्ता परवीन टिकट चाहेंगी तो पार्टी उन्हें ही उम्मीदवार बनाएगी। आज अगर उमेश पाल हत्याकाण्ड न हुआ होता तो, शाइस्ता परवीन अपने गुर्गों के साथ प्रयागराज में घर-घर जाकर अपने लिए वोट मांग रही होती। और हो सकता है वो माननीय मेयर भी बन जाती। अतीक की हत्या के बाद जिस तरह की राजनीति चंद सियासी दल कर रहे हैं। और जिस तरह की रिपोर्ट कुछ पत्रकार और मीडिया हाउस कर रहे हैं, वो साफ तौर पर दशार्ता है कि अपराधी नेता और मीडिया की दोस्ती कितनी गहरी है। माफिया अतीक अहमद कई राजनीतिक दलों और नेताओं के ह्यअतीक जीह्ण हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मानना है कि जनाजा ह्यअतीक जीह्ण का नहीं, कानून का निकला है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अतीक-अशरफ पर जानलेवा हमले को ह्यभारत के संविधान पर हमलाह्ण करार दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती और ओवैसी सरीखे नेताओं की फेहरिस्त लंबी है, जो अतीक-अशरफ की हत्या को ह्यलोकतंत्र की हत्याह्ण मान रहे हैं। यह सबसे विरोधाभासी उपमा है। अतीक कब लोकतंत्रवादी था? जरा इस सवाल की व्याख्या वे नेतागण कर दें, जो आज रुदाली-प्रलाप में डूबे हैं। अतीक मुलायम सिंह यादव और मायावती के करीब और संरक्षण में रहा है, लिहाजा सपा-बसपा के नेताओं ने मुठभेड़ और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। चूंकि ओवैसी ह्यमुस्लिमवादीह्ण सियासत करते हैं, लिहाजा वह चिंघाड़ रहे हैं कि पुलिस ही मुठभेड़ में मारती रहेगी, तो अदालतें और जज क्या करेंगे? अदालतों पर ताले लटका देने चाहिए। किसी भी अपराध की सजा सरकार और पुलिस नहीं, न्यायपालिका तय करती है। अतीक के जरिए ही राजनीति का अपराधीकरण भी खूब बढ़ा, क्योंकि उप्र में सपा सरकार ने 2 बार, कांग्रेस सरकार ने एक बार और भाजपा गठबंधन की सरकार ने भी एक बार, अतीक के खिलाफ, ह्यगैंगस्टर एक्टह्ण वापस लिया था। कानून का मजाक उड़ाया गया। दुहाई यह दी जा रही है कि किसी भी अपराधी और माफिया को सजा देने का दायित्व और अधिकार अदालत और कानून-संविधान का है। कमोबेश हमारी सोच भी यही है कि देश कानून-संविधान से ही चलना चाहिए। हम मुठभेड़ी हत्याओं और सरेआम लाशें बिछा देने की करतूतों के खिलाफ हैं, लेकिन ऐसा हरेक सरकार में होता रहा है। विपक्ष में आते ही विस्मृति छाने लगती है। गौरतलब यह है कि किसी निचली अदालत के नहीं, बल्कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 10 न्यायाधीश इतने खौफजदा थे कि उन्होंने अतीक से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई से ही इंकार कर दिया था। उन न्यायाधीशों के नाम आज सार्वजनिक हो चुके हैं। संदर्भ 2010 और उसके बाद के हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अतीक के केस जिस भी न्यायमूर्ति को सुनने के लिए दिए, उसी ने हाथ खड़े कर दिए। सुनवाई से अलग ही रहे। किसी अन्य न्यायाधीश को रेफर करने का आग्रह किया। नतीजतन अतीक के खिलाफ करीब 44 सालों तक कोई भी अदालती फैसला नहीं आ सका। कानून अप्रासंगिक बनकर रह गया। अतीक अपराध करता रहा। माफिया भी बन गया। हत्याओं के केस लगातार दर्ज होते रहे। जमीनों पर कब्जे किए जाते रहे। फिरौतियां वसूली गईं। वह जेल तो गया, लेकिन किसी भी कानून ने उसे सजा नहीं सुनाई। ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा सरीखे आतंकी संगठन से भी नापाक जुड़ाव थे। अतीक ने पाकिस्तान और हमारे पंजाब के रास्ते विदेशी हथियार और फंडिंग आदि प्राप्त किए थे। क्या यह माफिया भारत-विरोधी भी रहा है? अतीक के खिलाफ 100 से अधिक आपराधिक केस बताए जा रहे हैं। करीब दर्जन भर राज्यों में अतीक की ठेकेदारी भी माफियागीरी की तर्ज पर चलती रही। उसने अपराध और कारोबार से करोड़ों रुपए अर्जित किए। अतीक ने माफियागीरी से करीब 11,000 करोड़ रुपए की संपदा बनाई। मौजूदा उप्र सरकार और पुलिस का दावा है कि उसने अतीक गैंग की 1169.20 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों का जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण किया है। किसी कानून और जांच एजेंसी ने आकलन करने की हिम्मत की थी कि माफिया अतीक के पास इतनी संपदा कहां से और कैसे आई?

कानून तो मानो अतीक का बंधक बना था। नेतागण आज किस कानून की दुहाई दे रहे हैं? ऐसी स्थितियों और समीकरणों में कानून और अदालतें क्या कर सकती थीं? उप्र में बीते छह साल से भाजपा की योगी सरकार है, लिहाजा आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि इस दौरान कितनी मुठभेड़ें की गईं और उन्हें कोई भी इंसाफ नहीं मिला। हम भी इसी सोच के पक्षधर हैं कि अंतिम न्यायवादी निर्णय अदालत का ही होना चाहिए, लेकिन अतीक जैसे माफिया को अदालतें सजा ही नहीं सुना पा रही हैं, तो सरकार और पुलिस क्या करे? क्या माफियागीरी को जिंदा रहने दें, फलने-फूलने दें? इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए।

# कविता

## दरबार कवि

मैं भारत माँ का सपूत, दरबार कवि नहीं
बन सकता

सत्य, धर्म और राष्ट्र विषय में समझौता
नहीं कर सकता

सत्य को निर्भय हो कह दूँ, कठपुतली कैसे
बन जाऊँ

मैं रूखी-सुखी खा लूंगा, पर राष्ट्रद्रोह नहीं
सह सकता

मैं अहम, झूठ से कोसों दूर, स्वाभिमान का
रक्षक हूँ

मैं लोभग्रस्त होकर दिन को, कभी रात नहीं
कह सकता

कटु हूँ सत्य की राह पर, परवाह नहीं
षड्यंत्रों की

तज सकता हूँ प्राण सहज, पर परिक्रमा
नहीं कर सकता

डॉ उमेश प्रताप

## एकल लिंग आधारित स्कूल बनाम को-एजुकेशन स्कूल

विजय गर्ग

**सिंगल-सेक्स** स्कूल और को-एड स्कूल एक ऐसा विषय है जो कई माता-पिता के लिए चिंता का विषय रहा है। ऐसे स्कूल हैं जो बच्चों के एक निश्चित उम्र तक पहुँचने के बाद सिंगल सेक्स क्लास शुरू करते हैं जबकि कुछ स्कूल किंडरगार्टन से ही सख्ती से सिंगल सेक्स क्लास शुरू करते हैं। को-एड स्कूलों में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। लड़के-लड़कियां दोनों साथ पढ़ते हैं। माता-पिता के लिए यह निष्कर्ष निकालना एक बड़ा मुद्दा बन गया है कि कौन सा बेहतर है, आखिर यह उनके बच्चे के भविष्य का सवाल है। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों पक्षों के बीच अपना-अपना औचित्य देते हुए एक आभासी रस्साकशी चल रही है। शोधकताओं, शिक्षकों, माता-पिता और बच्चों के बीच निरंतर संघर्ष चल रहा है कि कौन सा बेहतर है? विभिन्न प्रकार के शोध किए गए हैं और कुछ रर (सिंगल सेक्स) के पक्ष में हैं जबकि अन्य उए (उङ्क-एी) के पक्ष में हैं। आइए हम दोनों दृष्टिकोणों को समझें और एक उचित निष्कर्ष पर पहुँचें। सिंगल-सेक्स स्कूलों के फायदे? एसएस के समर्थकों के अनुसार, एकल-सेक्स प्रारूप ऐसे अवसर पैदा करता है जो सह-शिक्षा कक्षा या स्कूलों में मौजूद नहीं होते हैं। ऐसी कुछ रणनीतियाँ हैं जिन्हें शिक्षक सभी-लड़कियों की कक्षा/स्कूल और सभी-लड़कों की कक्षा/स्कूल में नियोजित कर सकते हैं जो सह-शिक्षा वातावरण में प्रभावी नहीं हैं। इसका प्रमाण ग्रेड और टेस्ट स्कोर में नाटकीय सुधार है एसएस का समर्थन करने वाले शोधकताओं द्वारा व्यक्तिपरक प्रदर्शन की भी सूचना दी गई है। उनके निष्कर्षों में, विशेष रूप से अंग्रेजी और विदेशी भाषाओं में लड़कों के प्रदर्शन के साथ-साथ गणित और विज्ञान में लड़कियों के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। जो लड़के खेलों में नहीं थे, वे एकल-लिंग वर्गों में उजागर नहीं हुए। ऐसे लड़के सहज और सहज महसूस करते थे, कि वे अन्य लड़कों से बदमाशी या आक्रामक व्यवहार का अनुभव नहीं करते थे, और वे 'ऑल-बॉयज' स्कूलों के माहौल से भयभीत नहीं थे। लड़कियों की अनुपस्थिति में लड़के कम प्रतिस्पर्धी होते हैं और एकल-सेक्स सेटिंग में अधिक सहयोगी बन जाते हैं। वे इस बात की कम चिंता करते हैं कि लड़कियां उनके बारे में क्या सोच सकती हैं और खुद क्या हो सकती हैं। मार्चिंग बैंड के विरोध में कविता और आर्केस्ट्रा में बजाना जैसी गतिविधियां वर्जित नहीं हैं। एक अन्य लाभ यह है कि एकल-सेक्स स्कूलों में लड़कियां उन्नत गणित और भौतिकी जैसे विषयों को लेने के लिए अधिक इच्छुक थीं, जिन्हें पारंपरिक रूप से लड़कों का डोमेन माना जाता है। इसका कारण यह है कि विषयों के चुनाव के कारण उन्हें लड़कों की आलोचना का सामना नहीं करना पड़ा। इससे न केवल रूढ़िवादिता टूटी बल्कि लड़कियों में आत्मविश्वास भी बढ़ा।

एकल-सेक्स स्कूलों में लड़कों और लड़कियों के बेहतर व्यवहार करने और सीखने को अधिक सुखद और पाठ्यक्रम को अधिक प्रासंगिक बनाने की संभावना अधिक थी क्योंकि कम विकर्षण थे।

# विचार

## युगांडा से सूडान संकट तक: बदलती भारतीय विदेश नीति

आर.के. सिन्हा

**सूडान में** सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां हालात तो बद से बदतर होते चले जा रहे हैं। ऐसे में वहां फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर सारा देश चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान में फंसे भारतीयों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकासी के लिए विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं । मतलब यह कि अब सरकार एक्शन मोड में आ गई है।

यह बदले हुए मजबूत भारत का नया चेहरा है। अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं, तो भारत सरकार पहले की तरह हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती। आपको याद ही होगा कि रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल छात्र-छात्रायें यूक्रेन में फंस गए थे। उन्हें भारत सरकार तत्काल सुरक्षित स्वेदश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे। वे वहां पर मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग और दूसरे पेशेवर कोर्स कर रहे थे। ये रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए वहां से निकल कर स्वदेश आना चाहते थे। पहले तो किसी को समझ में ही नहीं आ रहा था कि इतनी अधिक संख्या में यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे शहरों में पढ़ रहे भारतीय नौजवानों को स्वदेश कैसा लाया जाएगा। पर इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है। यह साबित करके दिखाया गया।

अब अफगानिस्तान में गृहयुद्ध के दिनों की ही बात को जरा याद कर लें। भारतीय वायु सेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे थे। काबुल में जिस तरह के हालात बन गए थे उसमें सारे भारतीयों को लेकर तालिबानी आतंकियों के बीच से लेकर आना कोई छोटी बात नहीं थी कइनको ताजिकिस्तान के रास्ते दिल्ली या देश के अन्य भागों में लाया जा रहा था। कुछ विमान कतर के रास्ते से भी आ रहे थे। उस वक्त भारत के अफगानिस्तान में दर्जनों विकास के बड़े प्रोजेक्ट चल रहे थे, इनमें अफगानिस्तान को नये तरह से खड़ा करने के लिए भारत हर तरह की मदद भी कर रहा था। भारत के हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट फंस गए थे । पर इन प्रोजेक्ट्स से हजारों भारतीय जुड़े हुए थे। इन्हीं भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा था। भारत की तरफ से अफगानिस्तान बांध से लेकर स्कूल, बिजली घर से लेकर सड़कें, काबुल की संसद भवन से लेकर पावर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स और हेल्थ सेक्टर आदि समेत न जाने कितनी परियोजनाओं को तैयार किया जा रहा था।

लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान से देश के नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने और वहां से भारत आने के इच्छुक सिखों व हिंदुओं को भी भारत में शरण देने का अधिकारियों को निर्देश भी दे दिये। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के नियंत्रण के बाद ही आने वाली परिस्थितियों को भांपते हुये भारत सरकार सक्रिय हो गई थी। जाहिर है, ये सब कदम उठाने के बाद भारत सरकार का इकबाल न केवल देश के अन्दर बल्कि विदेशों में भी बुलंद हुआ। अब आगे बढ़ने से पहले 1972 के दौर में चलते हैं। अब भी बुजुर्ग हो रहे भारतीयों को याद ही होगा कि सन 1972 में अफ्रीकी देश युगांडा के तानाशाह ईदी अमीन ने अपने देश में रहने वाले हजारों भारतीयों को रातों रात आदेश दे दिया था कि वे सभी 90 दिनों में देश को छोड़ दें। हालांकि वे भारतीय ही युगांडा की अर्थव्यवस्था की जान थे। पर सनकी अमीन कभी भी और कुछ भी कर देता था। उसके फैसले से वहां पर दशकों से रहने वाले भारतवंशियों के सामने बड़ा भारी संकट खड़ा हो गया था । तब ब्रिटेन ने उन भारतीयों को अपने यहां शरण दी थी। तब हमारी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने उन भारतवंशियों के लिए कुछ नहीं किया था। ऐसा उन्होंने क्यों किया यह लोगों को अचम्भे में डालने वाला था कक्योंकि, वे कोई कमजोर प्रधानमंत्री तो थी नहीं कउस समय बांग्लादेश की आजदी और पाकिस्तान के 93000 सैनिकों के आत्म समर्पण के बाद उनके शोहरत का डंका बज रहा था कलेकिन, उन्होंने कोई ठोस कदम नहीं उठाये कपता नहीं क्यों ? भारतीय युगांडा में लुटते-पिटते रहे थे, लेकिन हमने घडियाली आंसू बहाने के सिवा कुछ नहीं किया था। उन भारतीयों को हमसे अभी तक गिला है जो होना भी चाहिये । क्या हम सात समंदर पार जाकर बस गए बहादुर उधमी भारतीयों से सिर्फ यही उम्मीद रखें कि वे भारत में आकर निवेश करें?


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## दोस्ती, प्यार और धोखा का संबंध

रूपेश कुमार

**दोस्ती** एक ऐसा रिश्ता है जो दो लोगों को एक दूसरे के करीब लाता है। इस रिश्ते में विश्वास, समझदारी, साझेदारी और समर्थन की भावना होती है। यह एक ऐसा रिश्ता है जो जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होती है। एक सच्चा दोस्त हमारे साथ हमारी खुशियों और दुखों का सामना करता है, हमें समझता है, हमारी मदद करता है और हमेशा हमारे साथ रहता है।इसलिए दोस्ती में हमेशा समझदारी बरतनी चाहिए और अपने दोस्तों पर विश्वास करना चाहिए । अगर कोई समस्या होती है तो समझौते के रास्ते से हल निकालना चाहिए। दोस्ती का रिश्ता एक लम्बी यात्रा होती है, इसलिए उसे संभाल कर रखना चाहिए। आपको अपने दोस्त के साथ खुले तौर पर वातार्लाप करना चाहिए और उनसे यह पूछना चाहिए कि वे आपसे क्या उम्मीद करते हैं और आपको उनकी उम्मीदों को पूरा करने के लिए क्या करना होगा। यदि आप अपने दोस्त को माफ करने के लिए तैयार हैं, तो आप अपनी दोस्ती को दोबारा बनाने के लिए कोशिश कर सकते हैं। प्यार एक ऐसी भावना है जो दो व्यक्तियों के बीच के विश्वास से जुड़ी होती है। यह अद्भुत अनुभव कराता है जो आत्मिकहोते हुए भी शारीरिक आकर्षण से भरा होता है। इसमें आपसी विश्वास, समझदारी, आदर, भरोसा, सहानुभूति, समर्पण और सम्मान जैसी भावनाएँ शामिल होती हैं। प्यार की अहमियत यह है कि यह दोनों व्यक्तियों के बीच एक गहरा संबंध बनाता है जो समय के साथ बढ़ता है और उन्हें एक दूसरे के साथ अधिक समृद्ध और खुशहाल बनाता है। यह ऐसी भावना है जो व्यक्ति के दिल में उत्पन्न होता है। इसे जीवन का सबसे अनुपम अनुभव माना जाता है जो हमें खुशी और संतुष्टि का एहसास कराता है। धोखा एक ऐसी स्थिति होती है जब एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को झूठा या धोखेबाज साबित करता है। इसमें विश्वासघात शामिल होता है। धोखा देना या धोखा खाना दोनों ही बहुत दुखद होता है क्योंकि यह दूसरों के प्रति हमारे विश्वास को नष्ट कर देता है। धोखा देने वाले व्यक्ति को उसके कारणों और परिणामों का विचार करना चाहिए कि उसका घातक दुष्प्रभाव दूसरे के जीवन पर पड़ेगा।

## बिना हड्डी की जीभ

डॉ. सुरेश कुमार

**हमारे** एक मित्र हैं। आए दिन समाचार चैनल देख-देखकर उनके जुबान की धार बहुत तेज हो गई है। कभी-कभी लगता है कि साग-सब्जी भी अब इसी से काटते हैं। वैसे भी जहाँ धारदार जुबान हो वहाँ मुंड चाकुओं के होने का क्या मतलब? वे अक्सर मुझसे कहते रहते हैं कि लड़ाने को यों कुछ भी लड़ाया जा सकता है, पर जुबान लड़ाने का मजा ही कुछ और है। चाकू जुबान को नहीं चला सकती, लेकिन जुबान चाकू को जरूर चला सकती है। सुनने में बड़ा अजीब लगता है लेकिन किसी के आगे जुबान लड़ा कर देखिए। या तो बिगड़े काम बन जायेंगे। या फिर बने बनाए काम बिगड़ जायेंगे। यह सब जुबान लड़ाने वाले के कौशल पर निर्भर है कि वह कितनी अच्छी तरह से जुबान लड़ा सकता है। जुबान लड़ाना एक कला है। इसके लिए साधना करनी पड़ती है। ऋषि-मुनि की तरह। अंतर केवल इतना है कि वे ऋषि-मुनियों को एकांत की आवश्यकता पड़ती है, जबकि जुबान लडाने वालों को भीड़ की। चुनावी रैलियों, चाय की टपरी, नुक्कड़ो-चौराहों पर यह माहौल बना-बनाया मिलता है। शरीर में जुबान ही एक ऐसा अंग है जिसमें हड्डी नहीं होती है। इसलिए दुनियाभर के इंसान अलग-थलग हैं। जुबान लड़ाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी शास्त्रीय व्याख्या बहुत जरूरी है। आप कल्पना करके देख सकते हैं कि यदि कोई व्यक्ति कुछ बोल रहा हो और उसकी बात को काटकर अपनी जुबान लड़ा दें तो स्वाभाविक है कि सामने वाली की ऐसी-तैसी होनी ही है। आखिर जुबान लड़ाने का अर्थ क्या है? अर्थ इसका काफी विस्तृत है, इसलिए विविधता भी पाई जाती है। जरूरी नहीं कि आप जिस कारण कहीं जुबान लड़ाते हो, हम भी उसी कारण से लड़ाएँ। अर्थात यह लड़ाने वाले की नीयत पर निर्भर करता है। फिर भी, एक सार्वजनिक अर्थ इसका है, अनावश्यक हस्तक्षेप करना। कोई चाहे, न चाहे, जरूरत हो, न हो। दूसरों के मामलों में दखलअंदाजी करना। यह महज एक सामान्य और सतही अर्थ है। इसके अर्थ की व्यापकता की कोई सीमा नहीं है। यह पूरी तरह जुबान लड़ाने वाले की सुविधा, इच्छा और जरूरत पर निर्भर करता है। अब रही बात कि जुबान लड़ाने की जरूरत क्या है? यह एक शौक है, आदत है या बीमारी?

## न्यूज फ्लैश

### कबाड़ी वाले पर बीमार गाय के बच्चे के साथ कुकर्म का आरोप, समिति ने विधायक को दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**राई।** ग्राम कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने गांव में अवैध रूप से बैठे पंचायती जमीन पर अवैध रूप से बैठे कबाड़ी व गाय के बच्चे के साथ कुकर्म करने वाले आरोपित के विधायक मोहनलाल बड़ौली को ज्ञापन देकर उनके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराने की मांग की। जिस पर विधायक ने उनकी मांगों को लेकर पूरा करने का आश्वाशन दिया। विधायक को दी शिकायत में समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गांव की पंचायती जमीन में कबाड़ी बैठे है। जिससे वहां के माहौल को दुषित कर रहे है। शिकायत में आरोप है कि उन्हें पंचायत द्वारा निशुल्क बिजली पानी दिया जा रहा है। जिस कारण ग्राम पंचायत कोई कार्रवाई नही कर रही है। जब कि इसी जमीन में कबाड़ी के पास कम्यूनिटी सैंटर व आंगनवाड़ी केन्द्र चले हुए है। उनके लिए पानी की कोई सुविधा नही है। शिकायत कें समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि एक शर्मनाक घटना को कबाड़ी की दुकान पर रहने वाले नाबालिंग ने केएमपी की पुलिया के नीचे बैठी बीमार गाय के बच्चे के साथ कुकर्म किया। जिसकी वीडियों व खुद स्वीकार करते हुए समिति के सदस्यों ने सरपंच को भी दिखाई है। इसके बाद गांव के कुछ लोगों ने उसे आरोपित कबाड़ी वाले को पेड़ से बांधकर पिटाई की। उन्होंने विधायक से मांग की कि उक्त कबाड़ी वालों को गांव के पास से हटवाया जाए और उक्त कबाड़ी वाले आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिस पर विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कार्रवाई करने का आश्वाशन दिया।

### हकेवि में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव/महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण जागरूकता और स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से विश्व पृथ्वी दिवस के महत्त्व और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे पृथ्वी को संरक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# संत निरंकारी मिशन ने आयोजित किया मेगा रक्तदान शिविर

## दिल्ली एवं एनसीआर में लगभग 1200 युनिट रक्त संग्रहित हुए

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्रक्तदान सामाजिक** कारक न होकर मानवीयता का एक ऐसा दिव्य गुण है, जो योगदान की भावना को दर्शाता है। उक्त् उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी द्वारा आज मानव एकता दिवस के अवसर पर विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए गए। संत निरंकारी मंडल करनाल जोन के जोनल इंचार्ज सतीश हंस जी ने बताया कि मानव एकता दिवस के अवसर पर दिल्ली एवं एनसीआर में लगभग 1200 युनिट रक्त संग्रहित हुए। इसके अतिरिक्त संपूर्ण भारतवर्ष में भी 50 हजार से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। सतगुरु माता जी ने मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि रक्तदान निष्काम सेवा का एक ऐसा सुंदर भाव होता है, जिसमें केवल सर्वत्र के भले की कामना ही मन में होती है। फिर हृदय में यह भावना उत्पन्न नहीं होती कि केवल हमारे सगे-संबंधी या हमारा परिवार ही महत्वपूर्ण है, अपितु समस्त संसार ही हमारा परिवार बन जाता है। जैसा कि सर्वविदित ही है कि निरंकारी जगत में मानव एकता दिवस का दिन युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की प्रेरणादायी सिखलाईयों को समर्पित है। इसके साथ ही सेवा के पुंज, पूर्ण समर्पित गुरु भक्त चाचा प्रताप सिंह एवं अन्य महान बलिदानी संतों को भी इस दिन स्मरण किया जाता है। मानव एकता दिवस के अवसर पर समूचे देश के विभिन्न स्थानों पर सत्संग कार्यक्रमों के साथ विशाल रूप में रक्तदान शिविरों की श्रृंखलाओं का आरम्भ हो जाता है, जो वर्षभर चलता है।



रक्तदान के महत्व को बताते हुए सत्गुरु माता जी ने फरमाया कि रक्क्त नाडि?ों में बहे, नालियों में नहीं कि रक्त देते हुए हम यह विचार नहीं करते कि हमारा रक्त किसके शरीर में जा रहा है। यह तो एक सामाजिक कार्य है, जो मानवीय मूल्यों को दशार्ता है जिसका एक जीवन्त उदाहरण निरंकारी राजपिता जी ने स्वयं रक्तदान करके दिया।
इसी श्रृंखला के अंतर्गत यह महाअभियान समूचे भारतवर्ष में स्थापित संत निरंकारी मिशन की लगभग सभी ब्रांचों सहित भारत की राजधानी दिल्ली में भी बड़े स्तर पर सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने इस सत्संग समारोह का भरपूर आनंद लिया और सभी रक्तदाताओं ने स्वैच्छापूर्वक सम्मिलित होकर पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान किया। रक्त संग्रहित करने वाले अस्पतालों के डॉक्टरों एवं आंगतुकों ने मिशन की निःस्वार्थ भाव से की जा रही सभी सेवाओ हेतु भूरी-भूरी प्रंशसा की।लोक कल्याण की भावना से युक्त इस महाअभियान में रक्त संग्रहित करने हेतु कल्पना चावला मैडिकल कालेज के डॉक्टर सचिन गर्ग की टीम और राजकीय अस्पताल के डॉक्टर संजय वर्मा की प्रशिक्षित टीम ने यहां पहुंचकर सभी रक्तदाताओं की जाँच की और उसके उपरांत ही रक्त संग्रहित किया।
इस अवसर पर फ्री आई चैकअप कैम्प भी लगाया गया, जिसमें डॉक्टर आशुतोष मित्तल ने अपनी सेवाएं दी और करनाल जोन में कुल 300 से अधिक यूनिट रक्तदान संग्रहित किया गया व सैकड़ों ने अपना आई चैक करवाया।

## जर्जर या कंडम हो चुकी बिल्डिंग की सूचना निगम के टोल फ्री नम्बर-1800 180 2700 पर दें

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने आमजन से अपील की है कि शहर के किसी भी एरिया में जर्जर या कंडम हो चुके भवन की सूचना नगर निगम के टोल फ्री नम्बर- 1800 180 2700 पर दें। सूचना मिलने के बाद मालिक को एक नोटिस के जरिए ऐसे भवन की रिपेयर करने के लिए कहा जाएगा, जिसमें 15 दिन का समय होगा। नोटिस पर अमल न करने की सूरत में नगर निगम ऐसे भवन को तुड़वा सकता है। उन्होंने बताया कि वैसे भी नगर निगम अगले एक-दो दिन में कंडम हो चुकी बिल्डिंग का सर्वे करवाने जा रहा है। सर्वे में भी ऐसे भवनो की जानकारी नगर निगम को मिल जाएगी। निगम आयुक्त ने कहा है कि कंडम हो चुकी बिल्डिंग में नागरिक किसी तरह का आवास या बिजनस न रखें, बल्कि इससे दूर रहें। क्योंकि कंडम हो चुकी बिल्डिंग की मियाद खत्म होने के बाद यह कभी भी गिर सकती है, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है।



## गांव बड़ी व बड़ौत की राजस्व संपदा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को किया गया ध्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। जिला नगर** योजनाकार की टीम ने गांव बड़ी व बड़ौत की राजस्व संपदा में विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान 32 डीपीसी, 6 बाउंडरी वॉल, व कच्चे रास्ते को ध्वस्त किया गया। इस दौरान जिला नगर योजनाकार की टीम में सहायक नगर योजनाकार अनिल व अन्य ने पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध प्लाट की नीव को गिराया। जिला नगर योजनाकार ललित बजाड़ ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## पृथ्वी दिवस पर डीएवी स्कूल में पर्यावरण बचाने के प्रति जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। जयन्ती** प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में मनाया गया। विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से पर्यावरण तथा पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित करते हुए सबको अपने जन्मदिवस पर एक पौधा जरूर लगाने की सलाह भी दी। नन्हे मुन्ने विद्याहियों ने हरी पोशाक पहनकर पृथ्वी को हरा-भरा करने की प्रेरणा दी । छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से पृथ्वी में नए-नए रंग भरकर नवनिर्माण की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी जो हर परिस्थिति में सजीव और निर्जीव दोनों की देखभाल करती है। इसलिए इसे धरती माँ का दर्जा मिला है इसकी वजह से हम सबका अस्तित्व है। इसलिए हमारा, आपका और हम सबका भी इसके प्रति कर्तव्य बनता है कि पर्यावरण और इसके पारिस्थितिक तन्त्र का ध्यान रखना। अध्यापिका स्वाति रहलान ने पृथ्वी दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



## जिले में मिले 06 नये कोरोना पॉजिटिव केस : डॉ. योगेश कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सिविल** सर्जन डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि सोमवार को जिला में कोरोना के 06 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 22 व्यक्ति ठीक हुए है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1085990 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 520 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50510 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49672 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 234 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## परिवर्तन पदयात्रा का राई हलके में पहुंचने पर किया स्वागत

### भाजपा गठबंधन सरकार के खिलाफ प्रदेश की जनता पूरे आक्रोशः चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/राई। इनेलो की** परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार 57वें दिन राई हलके में पहुंची। यात्रा का गांव गढ़ी बिंदरोली में ग्रामीणों ने राई हलका अध्यक्ष अशोक कौशिक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के समर्थन में जोरदार स्वागत किया। इनेलो नेता ने कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार के खिलाफ प्रदेश की जनता पूरे आक्रोश में है और वे उस दिन के इंतजार में हैं जब हरियाणा और देश को लूटने वाले ये लोग जनता के बीच में जाएंगे, तब इन्हें आभास होगा कि सत्ता के अहंकार में इन लोगों ने क्या खोया और क्या पाया है। चौटाला ने कहा कि पदयात्रा के दौरान उन्हें हर रोज हजारों लोगों से मिलने का मौका मिल रहा है। लोगों का यही जोश और साथ प्रदेश में बदलाव की क्रांति लाएगा। सत्ता के अहंकार में डूबे लोग इस परिवर्तन पदयात्रा को लेकर भयभीत हो गए हैं और उन्हें भी इस बात का आभास हो गया है कि आने वाले चुनाव में देश और प्रदेश के लोग उन्हें चलता कर देंगे।
इस मौके पर नाहरी में राकेश ठेकेदार ने इनेलो को ज्वाईन किया। उनके साथ राई हलकाध्यक्ष अशोक कौशिक, जिलाध्यक्ष कृष्ण मलिक, प्रेम सिंह, राजेश आंतिल, रविन्द्र दहिया नाहरी, नवीन दहिया, टोनू दहिया आदि गणमान्य मौजूद थे।

## नशा मनुष्य के जीवन को नष्ट करने के लिए पर्याप्तः डा. अशोक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया हरियाणा राज्य स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ सिंह ढिल्लों के दिशा-निदेर्शों एवं मार्गदर्शन में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में एक दिवसीय 119वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी देकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों, प्रसंगों और गीत आदि के माध्यम से भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।



उन्होंने कहा कि सामान्य रूप में बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, ई-हुक्का, शराब, गुटखा, कूल लीप आदि अनेक प्रकार के सामान्य नशे मनुष्य के जीवन को नष्ट करने के लिए पर्याप्त हैं लेकिन कुछ नशे प्रतिबंधित है जो मनुष्य के लिए बहुत अधिक घातक हैं।
प्रतिबंधित नशों में ड्रग्स का वर्णन करते हुए बताया कि इसमें अफीम, चरस, हेरोइन, भांग, स्मैक, चिट्टा, कोकीन, ब्राउन शुगर, नशीली गोलियां और टीके आदि ऐसे नशे हैं जो मनुष्य को भीतर से ऐसे खोखला करते हैं जैसे लकड़ी को घुन्न और लोहे को जंग करता है। थोड़े ही समय में यह नशा मनुष्य के सबसे महत्वपूर्ण अंग मस्तिष्क को निष्क्रिय करके उसे मृत्यु तक लेकर जाता है।

## मंडल आयुक्त ने शहर की विभिन्न कॉलोनियों का किया निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मंडल** आयुक्त करनाल डॉ. साकेत कुमार ने सोमवार को शहर की विभिन्न कॉलोनियों को औचक निरीक्षण किया ताकि कॉलोनियों को वैध किया जा सकें। इस मौके पर जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, जिला नगर योजनाकार गुंजन तथा डीडीपी कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।
मंडल आयुक्त ने सबसे पहले कैथल रोड की बाला जी कॉलोनी का निरीक्षण किया, इसके बाद गोगडीपुर रोड पर स्थित हकीकत नगर, गोगडीपुर रेलवे पुल से अनाज मंडी की ओर आने वाले रोड पर स्थित आनन्द विहार, मंगल कॉलोनी, डीआरपी कॉलोनी, मेरठ रोड पर स्थित विकास कॉलोनी, सैक्टर 32 में राधा स्वामी वाटिका, बुढ़ा खेड़ा, आर.के पुरम इत्यादि कॉलोनियों का निरीक्षण किया और वहां पर नॉर्म को चैक किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



## ओवरलोड मिट्टी के डम्फर दे रहे हादसे को न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शहर की** सड़कों से गुजरने वाले ओवर लोड मिट्टी के डंफरों और ट्रैक्टर ट्रालियों से अगवानपुर फाटक व शहर से गुजरने वाले ओवरलोड डम्फरों से वाहन चालक परेशान है। लेकिन प्रशासन व पुलिस का इस तरफ कोई ध्यान नही है। जब कि पुलिस आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन के निदेर्शानुसार मुरथल पुलिस ने 24 अप्रैल को स्पेशल अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों की उल्लंघना करने, ओवर स्पीडिंग व अंडर ऐज ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 25 ओवर स्पीडिंग व 18 अंडर ऐज ड्राइविंग के चालान किये गए हैं। वही शहर के लोगों का आरोप है कि राजनेताओं से आशीर्वाद प्राप्त ओवरलोड मिट्टी के डम्फर चालकों को गन्नौर में पुलिस व प्रशासन का कोई भय नही है। क्योंकि प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाती और पुलिस भी अब अनदेखी कर रही है। वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, महेन्द्र ने बताया कि प्रतिदिन अगवानपुर की तरफ से काफी संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों और डंफरों में मिट्टी ढोई जाती है। हवा में उड़ती मिट्टी पूरा दिन उनकी दुकानों के आगे गिरती है। इससे बीमारियां भी फैल रही है। दुकानदारों का कहना कि कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं वहीं पुलिस भी इन ओवर लोड वाहनों के चालान नहीं कर रही है। दुकानदारों ने उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि इन ओवर लोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



**तिरपाल ढककर ले जाया जाए मिट्टी कोः** वाहन चालकों व शहर के लोगों का तर्क है कि यदि ये वाहन चालक मिट्टी को ले जाते हैं तो उसे तिरपाल से जरूर ढका जाना चाहिए, साथ ही उसे पानी से गीला करना चाहिए ताकि वह धूल बनकर उड़े ना। इससे दुकानों के आगे भी धूल जमा नहीं होगी और वहीं दुपहिया व अन्य वाहन चालक भी परेशान नही होंगे।

# जहांगीरपुरी वार्ड में आम आदमी पार्टी की हुई बैठक







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी वार्ड के राजीव नगर में आम आदमी पार्टी की बैठक हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मैडम राज शौकीन के अलावा जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, आप नेता सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष का आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मैडम राज शौकीन ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियां जनहितैषी नीतियां है। आम आदमी पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है यही कारण है कि देश के कोने-कोने में आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यों से लोग काफी खुश है।



भाजपा दिल्ली प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल, जगदीश चारण, रुपेश मेहरा।

## राजस्थान फोन टैपिंग मामले में ओएसडी लोकेश शर्मा को राहत बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने राजस्थान फोन टैपिंग मामले में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा को राहत बरकरार रखी है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने लोकेश शर्मा के खिलाफ कोई भी निरोधात्मक कार्रवाई करने पर लगी रोक को अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया है। मामले की सुनवाई 31 मई को होगी।

आज दिल्ली पुलिस ने लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर लगी रोक को हटाने की मांग की। दिल्ली पुलिस की ओर से एएसजी संजय जैन ने कहा कि लोकेश शर्मा हाई कोर्ट से मिली राहत का दुरुपयोग कर रहे हैं। वो जांच में सहयोग नहीं दे रहे हैं, इसलिए पुलिस जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है।

लोकेश शर्मा की ओर से पेश वकील ने इन दलीलों का विरोध किया और कहा कि वो जांच में सहयोग कर रहे हैं। 13 जनवरी को दिल्ली पुलिस ने अर्जी दाखिल कर लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर लगी रोक हटाने की मांग करते हुए कहा था कि शर्मा जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि लोकेश शर्मा ने अब तक अपना फोन जांच के लिए नहीं दिया है। 9 नवंबर, 2022 को कोर्ट ने शर्मा की गिरफ्तारी पर लगी रोक बरकरार रखी थी। 29 अगस्त, 2022 को कोर्ट ने लोकेश शर्मा के खिलाफ किसी भी निरोधात्मक कार्रवाई करने पर लगी।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, हनुमान कोली व अन्य गणमान्य लोग।

## जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे खिलाड़ियों के समर्थन में उतरी 'आप' पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जंतर** मंतर पर न्याय की मांग को लेकर एक बार फिर धरने पर बैठे कुश्ती खिलाड़ियों को आम आदमी पार्टी ने समर्थन दिया है। हरियाणा प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ सुशील गुप्ता सोमवार को जंतर मंतर पर कुश्ती खिलाड़ियों के बीच पहुंचे। उन्होंने देश और प्रदेश के कुश्ती खिलाड़ियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस को तुरंत फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ियों का दुर्भाग्य है कि इन्हें एक एफआईआर दर्ज करवाने और न्याय की मांग के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। डॉ गुप्ता ने आगे कहा कि देश और प्रदेश के जाने माने खिलाड़ियों ने फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शौषण के गंभीर आरोप लगाए थे। इसको लेकर तीन महीने पहले भी कुश्ती खिलाड़ी जंतर मंतर पर बैठे थे। तब खेल मंत्रालय ने दबाव में आकर जांच कमेटी गठित कर दी थी और फेडरेशन अध्यक्ष को पद से हटा दिया था। अब तीन महीने बाद भी जांच कमेटी की कोई रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। खिलाड़ियों का दोबारा जंतर मंतर पर आकर धरना देना इस बात का सबूत है।

# सभी को करना चाहिए रक्तदान: राघव

## पेड़-पौधे की रक्षा सभी को परिवार की तरह करनी चाहिएः संजय राघव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। उक्त बातें प्रसिद्व समाजसेवी संजय राघव ने कही।

उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी को वंचित लोगों की मदद करनी चाहिए। जिससे की सभी का कल्याण हो सके।

उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री राघव ने कहा कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है जब हमारा कोई अपना रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें।

### समाजसेवी श्रीराघव ने कहा...

= रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है जब हमारा कोई अपना रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें।
= पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। पौधारोपण करने के लिए लोगों को प्रेरित भी करें: संजय राघव

## मोरिंडा बेअदबी मामले का राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने सख्त नोटिस लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** अल्पसंख्यक आयोग ने पंजाब के मोरिंडा में गुरुद्वारा साहिब में एक व्यक्ति के घुसने, गुरु ग्रंथ साहिब का अपमान करने और अखंड पाठ करने वाले ग्रंथियों के मारपीट करने की घटना का कड़ा नोटिस लिया है। एनसीएम अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि इस मामले में अपराधी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पंजाब ने साम्प्रदायिक हिंसा का लंबा इतिहास देखा है। अगर दोषियों को सख्त सजा दी जाती और इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच की जाती तो ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता था। एनसीएम एक्ट 1992 के तहत गठित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने पंजाब के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर पिछले 45 सालों में पंजाब में बेअदबी के सभी मामलों की सूची मांगी है। इसके साथ ही एनसीएम ने जनता से शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का अनुरोध किया है। आयोग इस बात से चिंतित है कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है और इसे रोका क्यों नहीं जा रहा है? अल्पसंख्यक समुदायों के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोग की भूमिका अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों में विश्वास पैदा करने के उपाय करना भी है। मेचुका में श्री गुरु नानक देव जी से जुड़े ऐतिहासिक मंदिर को बुद्ध मंदिर में बदलने के संबंध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह धामी के पत्र को गंभीरता से लिया है।



बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा ईद पर लोगों को मुबारकबाद देते हुए साथ में है आम आदमी पार्टी के युवा नेता विनित महेश गौतम व अन्य कार्यकर्ता।

## दायर याचिका पर दो अगस्त को सुनवाई करेगा दिल्ली हाई कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट दिल्ली हिंसा मामले के आरोपित और जामिया युनिवर्सिटी के छात्र आसिफ इकबाल तान्हा के बारे में सूचनाएं लीक करने के खिलाफ दायर याचिका पर दो अगस्त को सुनवाई करेगा। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने यह आदेश दिया।

बता दें कि दो जज इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर चुके हैं। 19 अप्रैल को जस्टिस अमित शर्मा ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। उसके पहले जस्टिस अनूप जयराम मानहानि ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया था। 08 सितंबर 2021 को सुनवाई के दौरान तान्हा ने कहा था कि जब वो हिरासत में था और उसकी जमानत याचिका लंबित थी और चार्जशीट भी दाखिल नहीं किया गया था तभी न्यूज चैनलों के प्राइम टाइम पर उसके डिस्क्लोजर स्टेटमेंट दिखाए जा रहे थे, इसलिए उसके बारे में सूचनाएं लीक करने का एकमात्र जिम्मेदार दिल्ली पुलिस है। तान्हा की ओर से वकील विजय अग्रवाल ने अपनी दलीलें खत्म कर लीं थी। अग्रवाल ने कहा था कि जुलाई में जस्टिस विभू बाखरु के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में कोई प्रेस वक्तव्य जारी नहीं किया। लेकिन हम दिल्ली पुलिस और दूसरी एजेंसियों की ओर से सूचनाएं लीक करने पर आंखें नहीं मूंद सकते हैं। अग्रवाल ने कहा था कि 18 अगस्त 2020 को जब तान्हा की जमानत याचिका लंबित थी।

## देश में मलेरिया के मामलों में 85.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत में** साल 2015-2022 के दौरान मलेरिया के मामलों में 85.1 प्रतिशत की गिरावट और मौतों में 83.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को मलेरिया उन्मूलन पर एशिया पैसिफिक लीडर्स कॉन्क्लेव को आभासी रूप से संबोधित करते हुए यह बात कही। मलेरिया द्वारा उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौती को संबोधित करते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा कि "पुनर्जीवित राजनीतिक प्रतिबद्धता और मजबूत तकनीकी नेतृत्व दुनिया से मलेरिया के उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा"। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन जैसी भारत की स्वास्थ्य पहलों का हवाला देते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा "भारत मलेरिया को खत्म करने के प्रयास में अन्य देशों के साथ अपने संसाधनों, ज्ञान और सीख को साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ वी के पॉल ने मलेरिया के मामलों में महत्वपूर्ण गिरावट हासिल करने के लिए दक्षिण एशियाई और प्रशांत क्षेत्र के देशों को बधाई दी। उन्होंने संपूर्ण-सरकार और संपूर्ण-समाज के दृष्टिकोण को अपनाते हुए सीमाओं के पार सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें अनुसंधान और नवाचार को प्राथमिकता देने और व्यवहार परिवर्तन अनुसंधान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मलेरिया के खिलाफ अतिरिक्त हथियार रखने के लिए हमें मलेरिया के खिलाफ टीका विकसित करने में जबरदस्त काम करने की जरूरत है। डॉ. पॉल ने कहा कि हमें उच्च बोझ वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग से इस बीमारी को खत्म करने की आवश्यकता है जो ग्रामीण स्तर पर शुरू होती है।

# केजरीवाल सरकार मोबाइल ऐप पर देगी वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन की जानकारी: राजकुमार आनंद

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन योजना से जुड़े 6 लाख लोगों को केजरीवाल सरकार बड़ी सुविधा देने जा रही है। अब दिल्ली में पेंशन धारकों को अपनी पेंशन की जानकारी लेने के लिए सरकारी दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। दिल्ली सरकार का समाज कल्याण विभाग ऐसा मोबाइल ऐप लॉन्च कर रहा है जिसके जरिए पेंशनर्स घर बैठे ही अपनी पेंशन की पूरी स्थिति जान सकेंगे। इसकी जानकारी देते हुए समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि बुजुर्गों और विकलांगों के लिए पेंशन एक बहुत जरूरी राहत बनकर सामने आया है, जिसका इंतजार उन्हें हमेशा रहता है, ताकि वह अपनी जरूरत के सामान खरीद सकें। इसलिए वे अपनी पेंशन के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए अक्सर सरकारी दफ्तरों के चक्कर भी लगाते हैं। ऐसे में बुजुर्गों और दिव्यांगों की इस समस्या का समाधान करने के लिए दिल्ली सरकार का समाज कल्याण विभाग जल्द ही पेंशन ऐप लॉन्च करेगा।



दिल्ली में वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन योजना से जुड़े लोगों को समय पर सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके यह सुनिश्चित करने के लिए समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने समाज कल्याण विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पेंशन धारकों की सहायता के लिए जिले स्तर पर कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए।

**मोबाइल ऐप बताएगा कब आएगी आपकी पेंशन :** दिल्ली के बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर बैठे ही उनकी पेंशन की जानकारी देने के लिए समाज कल्याण विभाग जल्द ही पेंशन ऐप लॉन्च करने जा रहा है। अब पेंशनर्स को अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे ही पेंशन से जुड़ी सारी जानकारी हासिल होगी। पेंशन किस दिन आएगी और कितना समय लगेगा यह जानकारी भी मोबाइल ऐप पर मिलेगी। विभाग की समीक्षा बैठक में समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने अधिकारियों को पेंशन वितरण प्रक्रिया में और तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा बुजुर्ग और दिव्यांग लोग हर महीने सरकार द्वारा दी जाने वाली पेंशन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि उन्हें समय पर पेंशन दी जाए ताकि वे आसानी से आवश्यक वस्तुएं खरीद सकें।

# गठबंधन सरकार की खुली पोल: भूपेंद्र हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**सत्ता के** मद में अंधी व बहरी हो चुकी हरियाणा की बीजेपी जेजेपी गठबंधन सरकार को प्रदेश की जनता सत्ता से हटाने का संकल्प ले चुकी है और चुनाव का इंतजार कर रही है। ताकि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी वोट की ताकत से 2024 में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बना सके। यह बात हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं नेता प्रतिपक्ष ने विधायक राजेंद्र सिंह जून, पूर्व मंत्री एवं झज्जर से विधायक गीता भुक्कल, पूर्व स्पीकर एवं बेरी से विधायक डॉ रघुबीर कादियान, प्रोफेसर वीरेन्द्र सिंह के साथ शहर की अनाज मंडी में किसान, मजदूर व आढ़तियों से फसल खरीद व पेमेंट में आने वाली समस्याओं की जानकारी लेने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मंडियों में फैली अव्यवस्था की



वजह से किसान और उसके अनाज दोनों की बेकद्री हो रही है । क्योंकि कई दिनों से प्रदेश की मंडी गेहूं से अटी पड़ी है । सरकार अनाज के उठान को लेकर गंभीर नहीं है। प्रदेश की अधिकतर मंडियों में जगह नहीं बचने के चलते किसानों को मजबूरी में सड़कों पर अपनी फसल रखनी पड़ रही है। सरकार ने वक्त रहते उठान के लिए ट्रांसपोर्टर को टेंडर नहीं दिया गया जिसके कारण अधिकतर मंडियों में फसल रखने की जगह तक नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज बेरोजगारी, अपराध अन्य प्रदेशों से आगे हैं। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को किसानों की मौजूदा समस्याओं से अवगत कराया। श्रीनिवास गुप्ता ने अनाज मंडी की मौजूदा समस्याओं से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अवगत कराया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे 72 घंटे में किसानों की पेमेंट करने,

**8 मंडियों में फैली अव्यवस्था की वजह से किसान और उसके अनाज दोनों की बेकद्री हो रही है**

किसानों को एमएसपी और फसल खराबे का मुआवजा देने वाले सभी दावे धरातल पर कहीं दिखाई नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कई मंडियों में जाकर उन्होंने खुद किसानों से बात की है । सरसों के किसानों को एमएसपी से 500 से 1000 रुपये प्रति क्विंटल कम रेट पर अपनी फसल बेचने पड़ी। भावांतर भरपाई योजना का ढकोसला करने वाली गठबंधन सरकार ने उन किसानों को सरसों के नुकसान की भरपाई क्यों नहीं की इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार द्वारा कभी पोर्टल और कभी और कभी नमी, लस्टर लॉस के नाम पर वेल्लू कट लगाना अनुचित है, यह किसानों के साथ एक प्रकार का धोखा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सत्ता के अहंकार में चूर गठबंधन सरकार को ना किसान ना जनता का दर्द दिखाई देता है और ना ही सुनाई देता है। उन्होंने कहा कि 2024 तो अभी दूर है लेकिन अगर आज भी विधानसभा चुनाव हो जाए तो कांग्रेस उसके लिए पूरी तरह तैयार है और बीजेपी जेजेपी को मात देने को पूरी तरह से सक्षम है। इस अवसर पर श्रीनिवास गुप्ता, राजेश जून ,वेद प्रधान, पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, प्रदीप यादव, कमल अरोड़ा, अरुण खत्री, विनोद जांगड़ा,मिंटू पहलवान, रजनीश मोनू, ओमप्रकाश आसोदिया, धर्मेंद्र जैलदार,राज पहलवान, गजानंद गर्ग, हरिओम राठी,चिंटू जांगड़ा, युवराज छिल्लर, संदीप राठी,अमरदीप भूरा सहित काफी संख्या में सम्मानित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दुरूस्त करने के लिए लगेंगे विशेष शिविर : एडीसी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अतिरिक्त उपायुक्त** अंकिता चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित त्रुटियों को दुरूस्त करने के लिए जिला के प्रत्येक शहर में वार्ड स्तर पर व प्रत्येक गांवों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। 28 से 30 अप्रैल तक लगने वाले इन शिविरों में संबंधित अधिकारियों द्वारा पीपीपी में दर्ज आय को छोडकर सभी प्रकार की त्रुटियों को दूर किया जाएगा।
अतिरिक्त उपायुक्त ने अपने कार्यालय में परिवार पहचान पत्र शिविरों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए।
अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इन शिविरों को लेकर जन प्रतिनिधियों से भी सहयोग लें ताकि वे लोगों को जागरूक कर सकें कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में परिवर्तन के लिए परिवार पहचान पत्र बनाये जा रहे हैं, जिससे लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। इसके लिए लोगों को अब सरकारी कार्यालयों में जाने की भी जरूरत नहीं है। पीपीपी में दर्ज आंकड़ों के अनुसार लोगों को घर बैठे ही योजनाओं का फायदा पहुंचाया जा रहा है।
अतिरिक्त उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी विद्यालय में ये शिविर आयोजित किए जा रहे है। आवश्यकता पड? पर उन सभी विद्यालयों के संसाधन भी इस कार्य में प्रयोग किए जा सकते है इसलिए सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल को इस बारे में आदेश जारी करें। इसके अलावा उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिविरों में बिजली की उचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे सभी ग्राम सचिवों को पत्र जारी करें कि सभी गांवों में शिविरों को लेकर मुनादी करवाई जाए।
अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि संबंधित सभी अधिकारी इन शिविरों में समय पर उपस्थित होना सुनिश्चि करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।
उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों के पीपीपी में कोई त्रुटि है, तो वे इन शिविरों में आकर परिवार पहचान पत्र को अपडेट करवाए, ताकि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में उनको किसी भी प्रकार की परेशानी न आए।
बैठक में डीडीपीओ राजपाल सिंह, डिप्टी डीईओ जितेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार सोनीपत प्रदीप कुमार, नायब तहसीलदार गोहाना डॉ० प्रमोद कुमार, बीईओ सोनीपत नवीन कुमार, बीडीपीओ खरखौदा दीपिका शर्मा, बीडीपीओ मुरथल जितेन्द्र, निर्वाचन तहसीलदार सरला कौशिक, अटल सेवा केन्द्र के जिला प्रबंधक शशिकांत तथा परिवार पहचान पत्र जिला प्रबंधक प्रवीण मेहता सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल**
नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप नारनौल की ओर से खाटू श्याम के प्रमुख समाज सेवी और व्यापारी भाई मदन लाल और विनोद कुमार को उनके द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के लिए आज उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के संस्थापक मनीष गोगिया ने बाबा श्याम की पावन नगरी की धरती पर जाकर दोनो को संस्था की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।दोनो साथियों ने लगातार संस्था की मुहिम सुकन्या विवाह के अंतर्गत कन्यादान में अपना सहयोग देते रहते है बाबा श्याम की कृपा सदा दोनो भाईयो पर बनी रहे और वो इसी तरह से अनेकों अनेक सेवा कार्य करते रहे ।ओर मदन लाल जी और विनोद जी ने हमे आश्वाशन दिया की जब जब भी संस्था को उनकी जरूरत होगी वो सदा तन मन धन से खड़े मिलेंगे। मदन लाल जी और विनोद जी के द्वारा दिए गए मान सम्मान के लिय मैं नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप की ओर से दिल से आभार प्रकट करता हूं और धन्यवाद करते आशा रखता हूं कि आपका साथ सहयोग सदा ऐसे ही हम सब के साथ बना रहे।

### सतनाली में 30 अप्रैल को आयोजित होगा ब्राह्मण सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल**
श्री परशुराम वेलफेयर सोसाइटी सतनाली द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आगामी 30 अप्रैल को ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा मुख्य अतिथि होंगे , वहीं पूर्व मंत्री पंडित रामविलास शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। श्री गौड़ ब्राह्मण सभा रजि जिला महेंद्रगढ़ के प्रधान राकेश महता ने बताया की जिला महेंद्रगढ़ से जो भी विप्र समाज का व्यक्ति भाग लेना चाहता है वह 28 तारीख 5:30 बजे से पूर्व अपना नाम तथा मोबाइल नंबर सहित सहमति सूचना सभा के प्रधान तथा सचिव कृष्ण ठेकेदार के पास दर्ज करवा दे ताकि उनके आने-जाने की समुचित व्यवस्था की जा सके। श्री महता ने गत 22 व 23 अप्रैल को श्री गौड़ ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित प्रात प्रभात फेरी तथा शोभायात्रा के सफल आयोजन पर जिले भर के विप्र बंधुओं का आभार प्रकट किया है।उन्होंने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, कॉलेजियम सदस्यों, आजीवन सदस्यों और सक्रिय ब्राह्मण बंधुओं के साथ सर्व समाज के विप्र जनों का तन मन धन से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने पर आभार जताया है। सभा के प्रधान ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले विप्र बंधुओं का दिल की गहराई से आभार जताया है। उन्होंने जिले भर के ब्राह्मण बंधुओं से आग्रह किया कि जिस प्रकार उन्होंने श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के द्वारा आयोजित समारोह को सफल बनाया है इसी प्रकार वह श्री परशुराम वेलफेयर सोसाइटी सतनाली द्वारा आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### तीन मंदबुद्धियो को अपना घर आश्रम भेजा

**सोनीपत:** शहर से मंदबुद्धि को भेजो अपना घर आश्रम दिल्ली पुठ खुर्द समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह लाल सिंह द्वारा शहर का दौरा कर अलग-अलग हिस्सों से 3 मंदबुद्धि मिले जिनमें मनजीत दहिया व अन्य ने काफी भागदौड़ कर उनको ढूंढा जिसके बाद पुठ खुर्द आश्रम से फोन कर गाड़ी बुलाई गई और इन तीनों मंदबुद्धियो को अपना घर आश्रम छोड़ा गया संस्था द्वारा भेजे गए परभुवों की संख्या 119, 120, 121 हो गई है ।

### अंबाला के नवन्युक्त डीसी शालीन ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला के नव नियुक्त उपायुक्त डा. शालीन ने पदभार संभाला। इस अवसर पर अंबाला के अनेक अधिकारी मौजूद रहे। डा. शालीन इससे पहले हरियाणा लैंड रिक्लेमेशन एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक के पद पर कार्यरत थे और स्थानान्त्रण होने उपरांत उन्होंने अम्बाला में उपायुक्त का पदभार संभाल लिया है। उन्होने एसडीएम से चर्चा करते हुए मंडियों में गेहूं खरीद कार्य की व्यवस्थाओं के साथ-साथ लिफ्टिंग, राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसलों के खराबे सम्बन्धी सत्यापन बारे, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों, सीएम विंडो, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था बारे, चर्चा की।

# विधि विवि के उपकुलसचिव को दिया कुलसचिव का प्रभार

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**डॉ. बी.** आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव डॉ. रामफूल शर्मा को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक कुलसचिव का भी दायित्व निर्वहन करने का कुलपति ने आदेश किए। यह वैकल्पिक व्यवस्था राज्यपाल सचिवालय चंडीगढ़ से जारी पत्र की प्रतिपालना के रूप में की गई। मालूम हो कि कुलसचिव डॉ. अमित कुमार ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया था।
विश्वविद्यालय के कार्यों को सुचारु रूप से चलाए रखने के लिए तत्काल प्रभाव से अस्थायी तौर पर उपकुलसचिव डॉ. रामफूल शर्मा को कुलसचिव का



कार्यभार सौंपा गया है।
कुलसचिव डॉ. रामफूल शर्मा ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालते ही उन्होने कहा कि पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करूंगा।
विश्वविद्यालय के विकास व छात्रों के हित में सभी अधिकारी व कर्मचारी ईमानदारी से कार्य करते हुए सहयोगी भी बने।
उन्होने अधिकारियों से कहा कि नियम विरुद्ध कोई कार्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय रोजगार परक गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारी शिक्षा देने के कार्य के लिए कृत संकल्पित है। उन्होने कहा कि मुझे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है उसका बेहतर तरीके से निर्वहन करूंगा। डॉ. शर्मा ने कुलाधिपति व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं कुलपति डॉ. अर्चना मिश्रा का आभार व्यक्त किया है।
इस अवसर पर वित्त अधिकारी दलपत सिंह, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. सुखविंदर सिंह, इंचार्ज लॉ डॉ. अमित गुलेरिया, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. वीणा सिंह, जसविंदर सिंह, परीक्षा नियंत्रक सुरेश धनेरवाल, कंसलटेंट रवि कुमार थापा, ओएसडी बी के शर्मा, एनईपी कंसलटेंट विनय कुमार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. सतीश राणा, डॉ. कपिल मंगला, लाइब्रेरियन सीताराम शर्मा, एसडीओ नरेश भारद्वाज एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंबाला डीसी ऑफिस में सीवाईएसएस की भूख हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) आम** आदमी पार्टी की स्टूडेंट विंग छात्र युवा संघर्ष समिति से जुड़े युवा डीसी ऑफिस अंबाला पहुंचे। यहां उन्होंने कई मांगों को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की। इसकी भनक लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। यहां सरकार के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे युवाओं को खदेड़ दिया।
इस दौरान उरर से जुड़े केयू कैंपस अध्यक्ष भरत बराड़ ने कैट का क्वालीफाई नेचर करने की मांग उठाई। साथ ही चेतावनी दी कि अगर सरकार उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लेती तो आंदोलन करेंगे। भरत बराड़ ने कहा कि कैट को क्वालीफाई नेचर का किया जाए। सरकार ने फैसला लिया है की पोस्ट के अनुसार सर्फ 4 गुना युवाओं को ही परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। इसकी वजह से काफी सारे युवा नौकरी से वंचित रह जाएंगे। इनमें वो भी लोग भी शामिल हैं, जो महामारी के समय में उम्र पूरी कर चुके है। कहा कि कैट पात्रता परीक्षा है, अगर कोई युवा पात्र है तो उसको मौका मिलना चाहिए।
अंबाला से अध्यक्ष गुरतेज सिंह और कैंपस अध्यक्ष मनदीप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के सभी खाली पदों पर तय सीमा में भर्ती की जाए, युवाओं का भविष्य सुधर सके।

# परिवार पहचान पत्र में लोगों को बनाया अमीर, पीले राशन कार्ड कटने से बढ़ी मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** में भी सैंकड़ो लोग ऐसे है जिनका राशन कार्ड से नाम हट गया है। यहां तक कि उनको अब फिर से सरकारी सुविधाएं पाने के लिए दर-दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर होना पड रहा है। वह कभी नगर निगम के चक्कर लगा रहे है तो कभी एस डी एम कार्यालय के चक्कर लगा रह हैं लेकिन उनके राशन कार्ड बनते नजर नहीं आ रहे है। अंबाला शहर के सुशील गर्ग ने बताया कि श्री राम आर्दश परिवार चैरिटेबल संस्था के प्रधान है उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार ने फैमली आई डी बनाई थी लेकिन इसके बाद अब इस फैमिली आई डी के अंदर जो आय लिखवाई गई थी उससे कई गुणा अधिक दर्शाई जा रही है। उन्होने बताया कि इसके चलते उनके राशन कार्ड तक काट दिए गए। उन्होंने कहा कि जब वह खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय में जाते हैं तो उन्हें कह दिया जाता है कि यह तो फैमिली आई डी गलती है जिसके बाद उन्हें नगर निगम भेज दिया जाता है। लेकिन नगर निगम में भी उनके इस गलती को ठीक न करते हुए एडीसी कार्यालय जाने के लिए कह दिया जाता है लेकिन पिछले कई महीनों से लोगों की इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अंबाला छावनी नगर परिषद में रोजाना अनेक लोग अपनी इसी समस्या को लेकर यहां पर भी चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। अनेक लोगों ने बताया कि वह रोजाना निगम कार्यालय में लाइनें लगा कर कई घण्टे तक कर्मचारियों का इंतजार करते हैं। ऐसे में पता चलता है कि कई बार तो सॉफटवेयर ही नही चल रहा। लोगों का कहना है कि सरकार लोगों को सुविधाएं पहुंचाने के लिए होती है लेकिन यहां तो ऐसे निति निर्धारक बैठे है जो आए दिन लोगों के लिए नई-नई मुसिबतें लाने की योजनाएं बनाते है।

# तनवीर जाफरी प्रलेस अम्बाला इकाई के बने अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी(मनीष कुमार) अखिल भारतीय** प्रगतिशील लेखक संघ से संबद्धए अंबाला जिला इकाई का गठन अंबाला छावनी स्थित सुभाष पार्क में सम्पन्न हुआ डॉ रतन सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में कालम नवीस जनाब तनवीर जाफरी को प्रलेसए अंबाला का अध्यक्ष चुना गया। मीना नवीन को उपाध्यक्षए कृष्ण सैनी को महासचिवए प्रोण गुरदेव सिंह देव को संगठन व वित्त सचिव एवं डॉण बलवान औजला को प्रेस सचिव का दायित्व सौपा गया। कार्यकारी सदस्यों में प्रोफेसर सोनिका सेठी जयपालए मनमोहन मैनी एरविंद्र मान एवं बलजीत सिंह को शामिल किया गया।

# ग्रामीणों को किया जजपा नेताओं ने आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। सात** मई को गांव गहली में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला के नेतृत्व में होने वाली जनसम्मान सभा को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है। इस दिन डिप्टी सीएम इलाके के लोगों को विकास कार्यों की अनेक सौगात देंगे। यह उद्गार जननायक जनता पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं नगर परिषद की चेयरपर्सन ने गांव डोहर, मोहनपुर, चिंडालिया, बापड़ोली व महरमपुर आदि में ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी चौधरी देवीलाल की नीतियों



पर चलने वाली पार्टी है और उनका मानना था कि लोकराज लोकलाज से चलता है। उनकी नीतियों को ही जजपा ने अपनाया है तथा गरीब, किसान, मजदूर खासकर कमेरे वर्ग के जनकल्याण की नीतियां लागू की हैं। नारनौल हलका अध्यक्ष सुरेंद्र पटीकरा ने कहा कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला उस दिन इलाकावासियों को अनेक सौगात देंगे। वह क्षेत्र में करवाए जाने वाले अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। जन सम्मान समारोह के संयोजक एवं जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने कहा कि इस जनसम्मान समारोह की सफलता के लिए नारनौल हलके के सभी गांवों में जाकर ग्रामीणों को आमंत्रित किया जा रहा है तथा ग्रामीणों में भी डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला के दौरे को लेकर भारी उत्साह बना हुआ है। इस दौरान ग्रामीणों ने जजपा नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें भारी संख्या में गहली पहुंचने का आश्वासन दिया।
इस मौके पर जजपा के प्रदेश सचिव अशोक सैनी, जाट महासभा के प्रधान विजयपाल एडवोकेट, नगर पार्षद संदीप भांखर, गुरदीप सरदार, युवा प्रदेश महासचिव नवीन राव, बिल्लू बापड़ोली, दीपक यादव व देवेश सैनी समेत अनेक गणमान्य जन मौजूद थे।

# कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने पंचायती राज दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कांग्रेस** के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की पानीपत जिला कमेटी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर सोमवार को जिला सचिवालय के सामने जीटी रोड ऐलिवेटिड पुल के नीचे एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह का आयोजन किया। सत्याग्रह कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायती राज संगठन के पानीपत जिलाध्यक्ष यशपाल अहलावत बबैल ने की और कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार ने भी शिरकत की। डॉ. सुनील पंवार ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद से भाजपा सरकार बौखला गई है।
राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द करना और उनसे सरकारी आवास खाली करवाना भी भाजपा की बौखलाट का परिणाम है। सुनील पंवार ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं को कूचलने का काम कर रही है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा को ऐसा नहीं करने देंगे। सत्याग्रह में कांग्रेस कार्यकताओं ने संकल्प लिया है कि देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को बचाने के लिये और आमजन की आवाज उठाने के लिए सदैव संघर्षरत रहेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष एवं सत्याग्रह के आयोजक यशपाल अहलावत ने कहा कि संयम से सभी कांग्रेसजनों को एकजुट होकर सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना चाहिए।
इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुशीराम जागलान, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता ओमवीर पंवार, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी संजय अग्रवाल, वरिष्ठ नेता बाबूराम कौशिक, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश श्योकंद व सोमलाल, सीलक जागलान, सुभाष तंवर सुताना, चांद चौधरी एडवोकेट, वीरेंद्र, राजीव सैन, जितेंद्र कुंडू, बलकार मलिक, आजाद पुनिया, प्रदीप, विजेंद्र सिवाह, जितेंद्र बेरवाल, डॉ. संजय कुमार, राम मेहर उकलाना, सुनील आंतिल व प्रेम आदि मौजूद रहे।

# बापौली अनाज मंडी में आढ़ती एसो. ने देवेंद्र कादियान का किया स्वागत

## देवेंद्र कादियान द्वारा अनाज मंडी में कई कार्य करवाने पर आढ़तियों ने जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**बापौली मंडी** आढती एसोसिएशन के आमंत्रण पर जजपा के प्रदेश संगठन सचिव एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान सोमवार को बापौली अनाज मंडी में पहुंचे। मंडी में पहुंचने पर अनाज मंडी के प्रधान दलीप रावल एवं मंडी एसोसिएशन ने देवेंद्र कादियान का फूल मालाओं से स्वागत किया। देवेंद्र कादियान द्वारा मंडी में करवाए कार्यों को लेकर एसोसिएशन ने उनका धन्यवाद किया। वहीं मंडी प्रधान ने बताया देवेंद्र कादियान ने बापौली अनाज मंडी में 6 बड़ी



टॉवर लाइटों सहित स्ट्रीट लाइटें लगवाकर मंडी को जगमग करने का काम किया है। जबकि बापौली मंडी का शेड जोकि पुराना होने पर खराब हो गया था, उसको भी बदलवाने का काम किया है। जबकि दुकान नंबर 1 से लेकर 28 तक दुकानों के पीछे खाली जगह ऊंची-नीची पड़ी थी, उसको पक्का करवाकर पार्किंग बनवाने का काम किया है।
इस अवसर पर प्रधान दलीप रावल, आढती कटार सिंह, कंवर सिंह छौक्कर, नरेंद्र सरपंच आढती, विनोद चेयरमैन, लाला रितेश, मोतीराम, रामनारायण, रकम सिंह रावल, लाला प्रेम, कश्मीरी लाल, बृजपाल, प्रभु दयाल, सुरेंद्र अरोड़ा, हेमंत रहेजा, अनिल रावल, प्रवीण रावल व राजपाल पहलवान आदि मौजूद रहे।

# रोटी बैंक की ई-रिक्शा को हरी झंडी देकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) पुलिस** लाईन अम्बाला में गरीब लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित करने के लिए रोटी बैंक स्थापित किया गया है। रोटी बैंक के माध्यम से प्रतिदिन गरीब लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित किया जाता है। 24 अप्रैल 2023 को सहायक पुलिस अधीक्षक अम्बाला दीपक कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर भेंट की गई ई-रिक्शा को निःशुल्क भोजन वितरित करने के लिए रवाना किया। यह ई-रिक्शा अम्बाला शहर निवासी सुखविन्द्र सिहँ ने गरीब लोगों को निशुल्क भोजन वितरित करने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर भोजन पहुँचाने के लिए ई-रिक्शा भेंट करने का सराहनीय कार्य किया है। ई-रिक्शा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक अम्बाला पुलिस के जवान दोपहर का भोजन आसानी से पहुँचा सकेगें। अम्बाला पुलिस द्वारा शुरू किए गए रोटी बैंक से प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को भरपेट भोजन उपलब्ध करवाने के लिए चार दिन अम्बाला शहर क्षेत्र व दो दिन अम्बाला छावनी क्षेत्र में दोपहर का भोजन निशुल्क वितरित किया जाता है। रोटी बैंक के लिए अम्बाला पुलिस और सभी समाजसेवी संस्थाएँ मिलकर कार्य कर रही हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 25 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# आदर्श नगर ब्राह्मण सभा ने किया
# भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन













**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ब्राह्मणों की संस्था दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इसी के साथ मजलिस पार्क के राम मंदिर में पूरे विधि विधान से भगवान परशुराम जी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा की गई। दो दिवसीय इस भव्य कार्यक्रम के पहले दिन पूरे क्षेत्र से नगर परिक्रमा निकाली गई। इस दौरान केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर से लेकर आस पास के सभी मंदिरों से होते हुए भगवान परशुराम जी का नगर भ्रमण मजलिस पार्क के राम मंदिर पर संपन्न हुआ। इस मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्र के ब्राह्मणों सहित अन्य समुदायों के सम्मानित लोगों ने भी हिस्सा लिया। जगह जगह पुष्पवर्षा से शोभा यात्रा का भी स्वागत किया गया। मजलिस पार्क ए ब्लॉक के प्राचीन शिव मंदिर पर जब ये शोभा यात्रा पहुँची तो मंदिर समिति ने पुष्पवर्षा कर इसका ऐतिहासिक स्वागत किया। ढोल, नगाड़ों की थाप पर सभी थिरकने को मजबूर दिखे। हाथों में फरसे लेकर सभी झूमते नाचते हुए चल रहे थे। वहीं, शोभा यात्रा के अगले दिन यानी अक्षयतृतीय के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद राम मंदिर के सामने बने वातानुकूलित बारात घर में भव्य परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्व समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में महंत अनिल शर्मा की संगीत पार्टी ने भगवान परशुराम के भजनों पर ऐसा समा बांधा कि हर कोई उनपर थिरकता नजर आया। इसके बाद जलपान की भी बहुत खास व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में मंच का संचालन अजय शर्मा ने किया। वहीं, कार्यक्रम की रूपरेखा से लेकर व्यवस्था में मुख्य संरक्षक नवीन त्यागी, प्रधान अरविंद शर्मा, हरीश भारद्वाज, चंद्रशेखर शर्मा, उमेश शर्मा, अजय शर्मा, किरण शर्मा सहित युवाओं ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसके अलावा मजलिस पार्क राम मंदिर में परशुराम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष दीक्षित ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

वहीं, राम मंदिर समिति के प्रधान नरेश टंडन, महासचिव सुनील खन्ना और कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल सहित पूरी समिति ने एकमत से मूर्ति स्थापना के प्रस्ताव को पास किया।

**ये लोग रहे मौजूदः** चाँदनी चौक लोकसभा के सांसद डॉ हर्षवर्धन, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पूर्व विधायक मंगत राम सिंघल, निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद सुमन शर्मा, पूर्व सिविल लाईन जोन चेयरमैन नवीन त्यागी, प्रधान अरविंद शर्मा, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज, संरक्षक सीता राम शर्मा, मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष दीक्षित, महासचिव आईएस बंसल, कोषाध्यक्ष नीरज कपूर, सुधीर पाठक, संरक्षक अजय शर्मा, आर.एस. त्यागी, चंद्रशेखर शर्मा, उमेश शर्मा, सुरेंद्र त्यागी, चंद्रपाल शर्मा, हरीश भारद्वाज, सहित दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर क्षेत्र की पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही। वहीं भक्तों का सैलाब देखने लायक था।

## भगवान परशुराम के जयकारे से गूंज उठा वातावरण

- मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से से एक दिन पूर्व आदर्श नगर में भव्य, अद्भुत भगवान परशुराम जी की शोभयात्रा निकाली गई
- समाज के सभी तबके के लोगों ने कार्यक्रम में बढचढ़ कर की शिरकत

## मजलिस पार्क राम मंदिर में भगवान परशुराम जी की मूर्ति हुई प्राण प्रतिष्ठित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रख्यात श्री राम मंदिर, गली नं. 7 मजलिस पार्क में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने के साथ-साथ भगवान परशुराम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित की गई। इस मौके पर हर कोई भगवान परशुराम जी के जयकारे लगा रहा था। मंदिर का प्रांगण जयघोष से गूंज रहा था।
मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित करने से पूर्व हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। हिंदू रीति-रिवाजों और पौराणिक ग्रंथों के अनुसार हवन यज्ञ से जहां देवता प्रसन्न होते हैं वहीं वातावरण भी शुद्ध होता है। आचार्य ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान परशुराम जी की प्रतिमा का अभिषेक कराया। भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प,चंदन अर्पित कर माला व जनेऊ धारण कराया। परशुराम सूक्त और स्त्रोत का पाठ किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रुप से भगवान परशुराम की आरती कर खुशहाली की कामना की। हवन के बाद आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

**डॉ. हर्षवर्धन, पूर्व केंद्रीय मंत्रीः** भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान परशुराम ब्राह्मणों के लिए ही नहीं समस्त समुदाय में पूज्यनीय हैं। उन्होंने सम्पूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया।



**पवन शर्मा, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्रः** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की सबको बधाई। भगवान परशुराम शस्त्रविद्या के महान गुरु थे। तो शास्त्रविद्या में भी पारंगत थे। दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा को बधाई जिन्होंने भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



**नवीन त्यागी, मुख्य संरक्षक, ब्राह्मणः** इस आयोजन में समस्त समाज का सर्वसमाज का बहुत सहयोग मिला। भगवान परशुराम सभी के लिए पूज्यनीय हैं। भगवान परशुराम दुष्टों के संहारक हैं। सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई ।



**मंगत राम सिंघल पूर्व मंत्री दिल्ली सरकारः** जिस प्रकार से भगवान परशुराम ने लोगों के जीवन में उजाला लाने का कार्य किया था, उसी प्रकार से हमें भी गरीब और निर्धन की झोंपड़ी में उजाला लाने की कोशिश करनी चाहिए, ताकि सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सकें।



**मुकेश गोयल, नेता सदन दिल्ली नगर निगमः** भगवान परशुराम पराक्रम के कारक और सत्य के धारक हैं। भगवान परशुराम दुष्टों के संहारक हैं। सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई ।



**सुमन शर्मा, निगम पार्षद, आजादपुर वार्डः** सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। भगवान परशुराम ने सम्पूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।



**नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद, धीरपुर वार्डः** सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्रों के ज्ञाता थे। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।



**सुभाष दीक्षितः** राम मंदिर समिति का मैं दिल की गहराईयों से बहुत धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मेरा भगवान परशुराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में पूर्ण सहयोग दिया। सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई।



**अरविंद शर्मा, प्रधान, दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभाः** इस आयोजन में समस्त ब्राह्मण समाज और अन्य समुदाय के लोगों ने जो भरपूर सहयोग दिया उनका मैं तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। इस आयोजन में सभी ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इसलिए सभी बधाई के पात्र हैं।



**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडियाः** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की सबको बधाई । इस भव्य आयोजन के लिए दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा का दिल की गहराईयों से अभिनंदन और साधुवाद। भगवान परशुराम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होना सबके लिए गौरव की बात है।



**अजय शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपाः** सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। सत्य का मार्ग कठिन अवश्य ही है किंतु जो व्यक्ति इस मार्ग पर संघर्षरत रहता है उसका एक दिन कल्याण अवश्य ही होता है। सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई।



**हरीश भारद्वाज, वरिष्ठ उपप्रधानः** सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। हम सबको भगवान परशुराम जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, क्योंकि सत्य झूठ के बीच अपनी राह खोज लेता है।











